जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोन:- 256906, 256907, फैक्स:- 01562-256908 | वर्ष: 15 | संख्या: 87 | प्रभात | चूरू, सोमवार 24 जुलाई, 2023 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*चीन के आखिरी सम्राट आइसिन जिओरो पूयी की प्लैटिनम की घड़ी 62 लाख डॉलर में बिकी है। फिलिप्स ऑक्शन हाउस (एशिया) के थॉमस पेरात्ज़ी ने कहा कि, यह रकम पूर्व अनुमान (30 लाख डॉलर) से कहीं ज्यादा है, किसी सम्राट की घड़ी इससे पहले इतनी महंगी नहीं बिकी। सम्राट पूयी की कहानी पर 1987 में ऑस्कर विजेता फिल्म ''लास्ट एम्परर'' बनी थी। उन्होंने चिंग साम्राज्य के दौरान 1908 से 1912 के बीच चीन पर शासन किया था। पूयी ने सोवियत जेल से विदा होते समय अपने रुसी इन्टरप्रैटर (दुभाषिया) जॉर्जी परमायकोव को यह घड़ी तोहफे में दी थी। परमायकोव की मौत के बाद उसके परिजनों ने घड़ी एक अज्ञात खरीददार को बेच दी। एतिहासिक महत्व के अलावा भी इस घड़ी का काफी महत्व है, क्योंकि यह बेहद दुर्लभ है। कीमती घड़ियां बनाने वाली स्विस कम्पनी पातेक फिलीप ने इस तरह की मात्र 8 घड़ियां ही बनाई थीं। नीलामी से पहले ऑक्शन हाउस ने घड़ी का इतिहास व प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए तीन साल तक रिसर्च की। रिसर्च करने वाले विभिन्न विशेषज्ञों में शिकागो के फ्री लांस पत्रकार रसल वर्किंग भी शामिल थे। उन्होंने 2001 में परमायकोव का इंटरव्यू लिया था और उनके पास इस घड़ी को देखा भी था। पूयी 1908 में चीन के सम्राट बने थे, तब वे मात्र 2 साल के थे। चीन की क्रांति के बाद उन्हें 1912 में सिंहासन त्यागना पड़ा। उन्होंने अपना नाम बदलकर हैरी कर लिया, पर बीजिंग महल में ही रहते रहे। सन् 1934 से 45 तक, उन्होंने उत्तर पूर्वी चीन के जापान नियंत्रित क्षेत्र, मंचुकुओ की कठपुतली बनकर राज किया। पूयी के भतीजे आसिन जिओरो यूआन ने अपनी स्मृतियों में लिखा है कि, पूयी रोज यह घड़ी पहनते थे। दूसरे विश्व युद्ध के अंत में जब जापान ने मित्र राष्ट्रों के समक्ष आत्म समर्पण किया, तब सोवियत सेना ने पूयी को गिरफ्तार कर बंदी शिविर में रखा, पूयी अपने साथ निजी सामान के अलावा घड़ी भी ले गए, वहीं पर परमायकोव से उनकी दोस्ती हुई। बंदी शिविर से विदा होते समय उन्होंने परमायकोव घड़ी तोहफे में दे दी। घड़ी अभी भी काफी हद तक ठीक है।*

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले सैनिक का कोर्ट मार्शल हुआ, 10 साल जेल

### यह सैनिक कोविड लॉकडाउन के दौरान देश की उत्तरी सीमाओं की जासूसी सूचनायें दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास के एक कमचारी को देते हुये दस्तावेजों के साथ पकड़ा गया था

नई दिल्ली, 23 जुलाई। पाकिस्तान को गुप्त सूचनायें देने के मामले में सेना कोर्ट मार्शल ने दोषी सैनिक को 10 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। यह जवान उत्तरी सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के बारे में नई दिल्ली में पाकिस्तान दूतावास के कर्मचारी को सूचनाएं देते हुए पकड़ा गया था। इसे देखते हुए ही इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि, महिला अधिकारी की अध्यक्षता में कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया पूरी हुई। दोषी सैनिक को 10 साल और 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई, जो पाकिस्तानी जासूस को गुप्त सूचना भेजते हुए पकड़ा गया था।

- **दिल्ली में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के उच्चायोग में कार्यरत पाकिस्तानी नागरिक आबिद हुसैन उर्फ नाइक आबिद के संपर्क में था।**
- **सैनिक की ओर से दुश्मन की जासूसी एजेंसी को मुहैया कराए गए दस्तावेजों की एक लिस्ट भी सामने आई है। इसमें भारतीय सेना के उस फॉर्मेशन की गार्ड ड्यूटी की सूची के साथ ही उसकी अपनी फॉर्मेशन की तमाम गतिविधियां भी शामिल थीं, जहां वह सैनिक तैनात था।**

सैनिक दिल्ली में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के उच्चायोग में कार्यरत पाकिस्तानी नागरिक आबिद हुसैन उर्फ नाइक आबिद के संपर्क में था। सैनिक की ओर से दुश्मन की जासूसी एजेंसी को मुहैया कराए गए दस्तावेजों की भी लिस्ट सामने आई है। इसमें उस फॉर्मेशन की गार्ड ड्यूटी सूची के साथ ही उसकी अपनी फॉर्मेशन की गतिविधियां भी शामिल थीं, जहां वह तैनात था। जवान न करोना लॉकडाउन के दौरान वाहनों की आवाजाही की लिस्ट के साथ-साथ फॉर्मेशन के वाहनों से जुड़ी जानकारियां देने का कोशिश की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोषी सैनिक को केवल छोटी-मोटी जानकारियां ही उपलब्ध हो पाती थीं। कोर्ट मार्शल के दौरान कहा गया कि, सेना ऐसी हरकतों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करती। इस तरह के मामले में दोषियों को उचित सजा दी गई है। बता दें कि, सैनिक को कोर्ट मार्शल की ओर से दी गई सजा सीनियर अधिकारियों द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।

वहीं दूसरी ओर, दिल्ली हाई कोर्ट ने सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मानहानि मामले में उन्हें 2 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि, एक न्यूज पोर्टल में प्रकाशित खबर के कारण सेना के अधिकारी की सार्वजनिक तौर पर मानहानि हुई है, समाचार माध्यमों द्वारा इस तरह की गलती बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

दिल्ली हाई कोर्ट ने रक्षा खरीद में भ्रष्टाचार में शामिल होने संबंधी खुलासे के कारण भारतीय सेना के अधिकारी की जो बदनामी हुई, उसे लेकर उन्हें 2 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने मेजर जनरल एम एस अहलूवालिया द्वारा दायर मुकदमे का फैसला करते हुए शुक्रवार को निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि इस राशि का भुगतान समाचार पोर्टल तहलका डॉट कॉम, इसकी मालिक कंपनी मेसर्स बफेलो कम्युनिकेशंस, इसके मालिक तरुण तेजपाल और दो पत्रकारों-अनिरुद्ध बहल व मैथ्यू सैमुअल की ओर से किया जाएगा। अदालत ने कहा कि, किसी ईमानदार सैन्य अधिकारी की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचाने का इससे बड़ा मामला नहीं हो सकता। प्रकाशन के 23 वर्षों के बाद माफी मांगना न सिर्फ अपर्याप्त बल्कि बेतुका भी है।

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिजम
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## ट्विटर का ''लोगो'' बदलेगा

वॉशिंगटन, 23 जुलाई (वार्ता/स्पूतनिक)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्विटर' का लोगो 'चीड़िया' बहुत जल्द 'उड़' जायेगी और नये लोगो में 'एक्स' शामिल हो सकता है।

ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि, इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) का ''लोगो'' बदल जायेगा। मस्क ने कहा,जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सभी पक्षियों' को अलविदा कहते हुए अपना लोगो बदल देगा।

उन्होंने ट्वीट किया,अगर आज रात एक अच्छा 'एक्स' लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे।

- **ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि, इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) का ''लोगो'' बदल जायेगा। ट्विटर के ''लोगो'' में चिड़िया को हटाकर इसके स्थान पर ''एक्स'' शामिल कर लिया जायेगा।**

वे ट्विटर को खरीदने के बाद एक के बाद एक नए बदलाव कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा ट्विटर पर डायरेक्ट मैसेज (डी.एम.) करने के लिए भी पैसे देने होंगे। अरबपति उद्यमी ने बाद में लिखा कि वह चाहते हैं कि नया लोगो हम सभी की उन खामियों को मूर्त रूप दे जो हमें अद्वितीय बनाती हैं।

उन्होंने अक्टूबर 2022 के अंत में, ट्विटर के 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया। यह वर्ष 2006 में स्थापित एक अमेरिकी कंपनी थी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मिजोरम में आदिवासी मैतेई समुदाय में खौफ का माहौल

### मणिपुर की घटना से मिजोरम में मैतेई समुदाय के खिलाफ फैले आक्रोश और धमकियों के कारण इन लोगों में भारी दहशत पैदा हो गई है लोग राज्य से पलायन करने के लिए मजबूर हो गये हैं

आइजोल, 23 जुलाई। मणिपुर में दो कुकी-ज़ोमी महिलाओं को निर्वस्त्र करने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने के वीडियो के बाद पैदा हुए आक्रोश ने मिजोरम में रहने वाले मैतई समुदाय में दहशत पैदा कर दी है। मिजोरम में कुछ युवाओं द्वारा मैतई समुदाय के लोगों को धमकी दी गई है कि, वे जितना जल्दी हो सकें, राज्य छोड़ दें। हालात ये हैं कि मैतई के लोगों ने राज्य से पलायन करना भी शुरू कर दिया है। शनिवार को कई लोग राज्य छोड़ कर चले गए। कुछ हवाई अड्डों और सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लिए हैं। इस विकट स्थिति के बीच मणिपुर सरकार ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो चार्टर उड़ान से उन्हें सुरक्षित लाया जाएगा।

- **मिजोरम में कुछ युवा संगठनों द्वारा मैतई समुदाय के लोगों को धमकी दी गई है कि, वे जितना जल्दी हो सके, राज्य छोड़ दें।**
- **कई मैतेई लोग राज्य छोड़ कर चले गए हैं, कुछ लोग हवाई अड्डों और अन्य सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लिए हुये हैं। इस विकट स्थिति के बीच मणिपुर सरकार ने कहा है कि, अगर जरूरत पड़ी तो चार्टर प्लेन से मैतेई समुदाय के लोगों को सुरक्षित मणिपुर वापस लाया जाएगा।**

दरअसल, मिजोरम के मिजो लोगों का मणिपुर के कुकी-ज़ोमिस के साथ एक गहरा जातीय बंधन है और पड़ोसी राज्य में इन समुदायों के विकास पर भी करीब से नजर रखते हैं। बीते 3 मई को हिंसा शुरू होने के बाद से मणिपुर के 12,584 कुकी-ज़ोमी लोगों ने मिजोरम में शरण मांगी है। मिजोरम में पीस एकॉर्ड एम.एन.एफ. रिटर्नीज़ एसोसिएशन (पी.ए.एम.आर.ए.) मिज़ो नेशनल फ्रंट मिलिटेंट्स का एक इकाई संगठन है। यह संगठन कुकी और जोमी समुदाय की महिलाओं के साथ हुई अमानवीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई ठप्प होने से 8 मरीजों की मौत

नेल्लोर, 23 जुलाई। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर शहर के एक सरकारी अस्पताल में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। खबर है कि ऑक्सीजन की कमी के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक के परिजनों ने ऑक्सीजन की कमी के लिए अस्पताल अधिकारियों को जिम्मेदार

- **आंध्र प्रदेश के नेल्लोर शहर के एक सरकारी अस्पताल में यह घटना हुई। अस्पताल प्रबंधन ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी से इन्कार कर रहा है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में एक साथ हुई मौतें साफ लापरवाही की ओर इशारा कर रही हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा को लग सकता है झटका, जातिगत जनगणना का जाल क्यों बिछा रहा विपक्ष?

नई दिल्ली, 23 जुलाई। बैंगलुरु में दो दिनों की बैठक के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक बार फिर विपक्ष ने जातिगत जनगणना की मांग दोहराई थी। वैसे तो जातिगत जनगणना की मांग कोई नई नहीं है लेकिन विपक्ष इसे 2024 के लिए एक हथियार के रूप में देख रहा है। वहीं भाजपा को इस बात का डर है कि कहीं अगड़ी जातियों का वोटबैंक उसके हाथ से फिसल ना जाए। भाजपा का एक बड़ा हिंदू वोटबैंक है जिसमें सवर्ण वर्ग शामिल है। वहीं पिछड़ी जातियों का वोट बंटा हुआ है।

- **विपक्ष का मानना है कि, अगर जातिगत जनगणना हुई तो भाजपा का हिंदू वोट बैंक बिखर जाएगा, इसलिए बैंगलुरु में हुई बैठक में विपक्ष ने एक बार फिर जातिगत जनगणना की मांग दोहराई गई थी।**
- **देखा जाये तो जातिगत जनगणना की मांग कोई नई नहीं है, लेकिन विपक्ष इसे 2024 के लिए एक हथियार के रूप में देख रहा है।**
- **वहीं भाजपा को इस बात का डर है कि, जातिगत जनगणना के बाद कहीं अगड़ी जातियों का वोटबैंक उसके हाथ से फिसल ना जाए। भाजपा का एक बड़ा हिंदू वोटबैंक है जिसमें सवर्ण वर्ग शामिल है। वहीं पिछड़ी जातियों का वोट बंटा हुआ है।**

2010-11 की जनगणना में जातिगत जनगणना करवाई गई थी लेकिन आंकड़े आज तक नहीं जारी किए गए। कर्नाटक में भी साल 2015 में जातिगत जनगणना करवाई गई पर आंकड़े नहीं जारी किए गए। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने जातिगत सर्वे कराना शुरू किया था लेकिन अब यह मामला अदालत में है। खास बात यहा है कि जब नीतीश ने यह फैसला किया तब भाजपा उसकी सहयोगी थी। हालांकि अब भाजपा से अलग होकर नीतीश ने आर.जे.डी. के साथ सरकार बना ली है।

जातिगत जनगणना से एक समस्या भी सामने आ सकता है। दरअसल अगर इस तरह जनगणना होती है तो आरक्षण का संकट गहरा जाएगा। इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण की मांग की जाएगी। देश में आरक्षण के लिए लंबे समय से आंदोलन होते रहे हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आरक्षण को लेकर कई आंदोलन खड़े हो जाएं। वहीं जानकारों का कहना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अजीत डोभाल चीन और रूस को पढायेंगे शांति का पाठ, जोहानिसबर्ग में उच्चस्तरीय बैठक में शामिल होंगे

### इस बैठक का एजेंडा यूक्रेन युद्ध, इंडो-पैसिफिक, धार्मिक कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसे अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है

नई दिल्ली, 23 जुलाई। नैशनल सिक्यूरिटी एडवाइजर (एन.एस.ए.) अजीत डोभाल सोमवार को जोहान्सबर्ग (साउथ अफ्रीका) में होने वाले ब्रिक्स देशों के एन.एस.ए. मीटिंग के मौके पर वरिष्ठ चीनी राजनयिक यांग जिएची और रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव सहित अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे। 22 से 24 अगस्त के बीच ब्रिक्स देशों के होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले एन.एस.ए. स्तर की ये बैठक काफी अहम है क्योंकि इसका एजेंडा यूक्रेन युद्ध, इंडो-पैसिफिक, धार्मिक कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करना है।

एन.एस.ए. स्तर की इस बैठक में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तहनून बिन जायद अल नाहयान और सऊदी अरब के एन.एस.ए. मुसाद बिन मोहम्मद अल ऐबान जैसे विशेष आमंत्रित सदस्य भी भाग लेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, एन.एस.ए. डोभाल ब्रिक्स रूब्रिक के तहत अपने समकक्षों से मिलेंगे, लेकिन द्विपक्षीय रूप से उनके और यांग जिएची के बीच भी बातचीत होगी। यांग जिएची चीन में विदेश मामलों का आयोग के पूर्व निदेशक हैं। दोनों नेताओं की यह

- **डोभाल चीन के वरिष्ठ राजनयिक यांग जिएची और रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव सहित अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे**
- **एन.एस.ए. स्तर की इस बैठक में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तहनून बिन जायद अल नाहयान और सऊदी अरब के एन.एस.ए. मुसाद बिन मोहम्मद अल ऐबान जैसे विशेष आमंत्रित सदस्य भी भाग लेंगे।**

मुलाकात मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों की आक्रामकता के मद्देनजर अहम मानी जा रही है।

बता दें कि अभी भी पूर्वी लद्दाख में स्थिति अनिश्चितताओं से भरी है। हालांकि, वहां हालात अभी नियंत्रण में है और भारत और चीन सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। दूसरी तरफ, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) अभी भी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) से पीछे नहीं हटी है, हालांकि गलवान, गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स और पैंगोंग त्सो झील क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी हो गई है।

इधर, पी.एल.ए. ने दौलत बेग ओल्डी सेक्टर के इलाकों में तैनाती बढ़ा दी है और अभी भी भारतीय सेना को देपसांग बुलगे क्षेत्र के साथ-साथ डेमचोक में चार्डिंग निंगलुंग नाला (सी.एन.एन.) जंक्शन पर वैध रूप से गश्त करने की अनुमति नहीं दे रही है।

उम्मीद है कि एन.एस.ए. डोभाल चीनी राजनयिक के समक्ष एल.ए.सी. के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र में तनाव कम करने का मुद्दा उठा सकते हैं। हालांकि, द्विपक्षीय बातचीत से बहुत कम नतीजे निकलने की उम्मीद है क्योंकि पी.एल.ए. को अभी भी उन छह संयुक्त सशस्त्र ब्रिगेड वापस भेजने हैं जिनकी तैनाती 2022 में नैशनल पार्टी कांग्रेस के दौरान की गई थी। इन छह ब्रिगेडों को अति-संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर, विशेषकर तवांग में तैनात किया गया है। पूर्वी क्षेत्र में पी.एल.ए. के नए खतरे के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आंध्र प्रदेश में भगवान श्रीराम की 108 फीट ऊँची प्रतिमा

नई दिल्ली, 23 जुलाई (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्रप्रदेश के कुरनूल में भगवान राम की 108 फुट ऊंची प्रतिमा का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास किया।

- **गृह मंत्री अमित शाह ने कुरनूल में 500 करोड़ की लागत से तैयार हो जा रही भगवान श्रीराम की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास किया।**

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि, आज कुरनूल के मंत्रालयम गांव में 500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की राम की भव्य पंचलोहा प्रतिमा का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा , मंत्रालयम में स्थापित यह 108 फीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा

# नई पीढ़ी को अपने फ़ैसले करने की आज़ादी दीजिए

कहा जाता है कि हमारी दुनिया में एक ही चीज़ स्थायी है, और वह है परिवर्तन! दुनिया में सब कुछ बदलता रहता है और हम भी उस बदलाव को देर-सबेर स्वीकार कर ही लेते हैं। यह मनुष्य का स्वभाव है कि शुरू-शुरू में वह हर बदलाव के प्रति नकार का भाव रखता है परंतु कालांतर में उसी बदलाव को स्वीकार कर उसके बाद आए बदलावों के विरोध में व्यस्त हो जाता है। यह सब देखना बहुत रोचक हो सकता है। आप खान-पान, वेश भूषा, रीति-रिवाज़, कला-संस्कृति सब में इन बदलावों को देख सकते हैं। बहुत पीछे न भी जाएं तो यह याद करें कि पिछली शताब्दी के प्रारम्भिक वर्षों में किस तरह का वेश विन्यास होता था और आज उसका रंग रूप कितना बदल गया है! ऐसा ही बदलाव आप भाषा के मामले में भी देख सकते हैं। अगर बदलाव न हुआ होता तो संस्कृत (और उससे भी पहले वैदिक) से लगाकर आज की भाषा तक की यात्रा न हुई होती। इस तरह के बदलाव दुनिया भर की भाषाओं में देखे जा सकते हैं। ऐसे ही बहुत सारे बदलाव हमारी सामाजिक व्यवस्था में भी हुए हैं। बहुत सारी चीज़ों के ऊपरी नाम तो जस के तस रह गए हैं लेकिन उनका भीतरी स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। उदाहरण के रूप में परिवार को ही लीजिए। भारतीय समाज में परिवार व्यवस्था का बहुत महत्व है। लेकिन आज हम जिस तरह के परिवार देखते हैं क्या वे परिवार ठीक वैसे हैं जैसे आज से सौ-पचास बरस पहले थे? संयुक्त परिवार का केवल नाम भर रह गया है। और परिवार के भीतर भी पारस्परिक संबंधों का स्वरूप बहुत बदल चुका है। पिछले समय में परिवार के मुखिया का जो रौब-दाब और रुतबा हुआ करता था वह अब केवल क़िस्सों में बचा रह गया है। यह बात स्त्री और पुरुष दोनों के बारे में कही जा सकती है। बीते ज़माने की सास अब कहां देखने को मिलेगी? आज परिवार के भीतर भी रिश्ते अधिक प्रजातांत्रिक और समता मूलक हो गए हैं। कल जिन बाप-बेटों में कोई संवाद नहीं होता था आज उनमें खुलकर बात होने लगी है। अंठोज़ों के ज़माने के जेलर नुमा बाप अब अपवाद होकर रह गए हैं।

परिवार के स्वरूप में आए बदलाव के मूल में रोज़गार की स्थितियों की भी बहुत बड़ी भूमिका है। पहले जहां आम तौर पर वंशानुगत रूप से चले आ रहे व्यवसाय में ही सारी संभावनाएं सिमटी हुई थीं, आज शिक्षा के प्रसार से यह बहुत आम हो गया है कि नई पीढ़ी अपने पैतृक काम को छोड़ अपने लिए नए क्षितिज तलाश करे। लोग गांवों से निकल कर शहरों और देश से निकल कर विदेश जाने लगे हैं। विदेश की बात पर यह भी याद आए बग़ैर नहीं रहता है कि एक समय वह था जब विदेश जाना बुरा माना जाता था और विदेश जाने का अपराध करने वाले को प्रायश्चित करना होता था, उसके बाद वह समय आया जब विदेश जाना गर्व और उपलब्धि माना जाने लगा, और अब वह समय आ गया है जब विदेश जाना बहुत आम हो चुका है। इस शिक्षा, रोज़गार और विदेश गमन का असर हमारी सामाजिक व्यवस्था पर भी पड़ा है। एक ज़माना था जब बाल विवाह बहुत आम हुआ करता था। अब विवाह की आयु बहुत आगे जा चुकी है। नई पीढ़ी अपने कैरियर को लेकर इतनी चिंतित है कि वह विवाह को स्थगित करती रहती है और तीस की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते विवाह करना कोई अपवाद नहीं रह गया है। न केवल इतना बहुत सारे युवा विवाह संस्था को ही अप्रासंगिक मानने लगे हैं और उनके इस सोच को भी समाज नेआंशिक रूप से स्वीकार किया है। प्रेम विवाह और अंतरजातीय विवाह तो इतने आम हो ही गए हैं कि अत्यंत परंपरा प्रिय परिवारों में भी इन्हें स्वीकार कर लिया जाने लगा है, अब तो लिव इन रिलेशनशिप और सेम सेक्स मैरिज भी अपवाद और अजूबे नहीं रह गए हैं।

**आज जीवन बहुत बदल गया है। बाल विवाह बीते ज़माने की बात हो चुके हैं। बच्चे बड़ी उम्र में, जब वे खासे परिपक्व हो जाते हैं, विवाह करने लगे हैं। वे देश-विदेश में ऐसे संस्थानों में काम करते हैं जहां युवक-युवतियों को बहुत सारा समय एक साथ बिताना होता है। और भी अनेक कारणों से इनके बीच मेल मिलाप के, एक-दूसरे को जानने-समझने के, और पसंद-नापसंद करने के अवसर बहुत बढ़ चुके हैं।**


लेकिन जहां यह सब हो रहा है, अर्थात बदलाव को सहज भाव से, भले ही थोड़े संकोच के साथ स्वीकार किया जाने लगा है, ऐसे लोग भी कम नहीं हैं जो इन बदलावों को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसे अनेक मां-बाप भी हमें अपने आस-पास मिल जाएंगे जिन्हें इस बात से तो कोई एतराज़ नहीं है कि उनके बच्चे खूब पढ़े-लिखें, इस बात से भी एतराज़ नहीं है कि उनके बच्चे अपने व्यवसाय या कैरियर में सुस्थापित होने के बाद, अर्थात तीस की उम्र के आस-पास पहुंच कर विवाह करें। इन सब बदलावों को स्वीकार कर लेने वाले मां-बाप भी यह चाहते हैं अपने बच्चों के विवाह के बारे में सारे फैसले वे ही करें, उनके बच्चे नहीं। अगर बच्चे कोई फैसला करना चाहते हैं तो वे बुरी तरह से आहत या कुपित हो जाते हैं। विवाह के मामले में उनके तीस बरस की आसपास के उम्र के बच्चे भी उन्हें नादान ही दिखाई देते हैं। वे इस बात पर भरोसा करने को तैयार नहीं होते हैं कि खूब शिक्षित और अपने कैरियर में कामयाब बच्चे अपने विवाह के बारे में भी सही फैसला कर सकते हैं। इस मामले में वे चाहते हैं कि उनके बच्चे उनके सामने दुधमुंहे बन जाएं और वे बीते समय की मानिंद थाली में बिठाकर गुड्डे-गुड्डियों की तरह उनका विवाह कर दें। ऐसे में बच्चों के सामने दो ही विकल्प रह जाते हैं। या तो वे अपना मन मारकर मां-बाप की आज्ञा को शिरोधार्य कर अपने चयन को कूड़े के ढेर पर फेंक दें, और या फिर मां-बाप की आज्ञा का उल्लंघन कर और क्या इसी दिन के लिए हमने तुम्हें पाल पोस कर बड़ा किया था की व्यथा को अनसुना कर अपनी मनमानी कर लें। दोनों ही स्थितियां सुखद नहीं हैं!

इस तरह के मां-बाप अपने बच्चों के लिए और भी कई तरह की मुसीबतें खड़ी कर देते हैं। मसलन उनके लिए जाति उप जाति का सवाल बहुत महत्वपूर्ण होता है। चारों तरफ की दुनिया चाहे कितनी भी बदल चुकी हो, वे चाहते हैं कि उनके बच्चे शादी के मामले में खानदानी चलन और सोच की लक्ष्मण रेखा न लांघें। इससे भी आगे, यह देखकर आश्चर्य होता है और क्षोभ भी कि बहुत सारे मां-बाप अब भी यही चाहते हैं कि भले ही उनके बच्चे कहीं भी, किसी भी अन्य प्रदेश में, बल्कि विदेश में भी नौकरी करें, शादी तो वे अपने गांव-कस्बे-शहर के परिवार में ही करें। वे इस बात के लिए कभी तैयार नहीं होते हैं कि उनके बेटे बेटी किसी अन्य कस्बे-शहर से अपना जीवन साथी चुनें। यह परंपरा-प्रेम न होकर कूप मण्डूकता है।

आज जीवन बहुत बदल गया है। बाल विवाह बीते ज़माने की बात हो चुके हैं। बच्चे बड़ी उम्र में, जब वे खासे परिपक्व हो जाते हैं, विवाह करने लगे हैं। वे देश-विदेश में ऐसे संस्थानों में काम करते हैं जहां युवक-युवतियों को बहुत सारा समय एक साथ बिताना होता है। और भी अनेक कारणों से इनके बीच मेल मिलाप के, एक-दूसरे को जानने-समझने के, और पसंद-नापसंद करने के अवसर बहुत बढ़ चुके हैं। आज के युवा बीते कल की तुलना में बहुत ज़्यादा समझदार, व्यावहारिक और निर्णय सक्षम हैं। ऐसे में उनके निर्णयों को सिरे से खारिज़ करना किसी भी तरह से तर्क संगत और व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। बहुत सारी रूढ़ियां अब शिथिल और अप्रासंगिक होती जा रही हैं। जाति,धर्म, भाषा, खान-पान, रंग, प्रदेश, देश-विदेश आदि के बारे में सोच बहुत बदल चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि परिपक्व आयु में पहुंचे युवा जब कोई निर्णय करते हैं तो वे अपना सारा भला-बुरा सोच कर ऐसा निर्णय करते हैं। उनके निर्णय को अस्वीकार कर उन पर अपनी परंपराओं का बोझा डालना किसी भी तरह से तर्कसंगत और मानवीय नहीं कहा जा सकता। हमें जो जीवन मिला था, उसे हमने अपने समय और परिस्थितियों के अनुसार जी लिया। अब समय बदल चुका है तो हमें आज की पीढ़ी पर उन रूढ़ियों को नहीं लादना चाहिए। इन सारी बातों को इस तरह भी देखा जाना चाहिए कि पिछली पीढ़ी अपने जीवन का बहुलांश जी चुकी है, जबकि आज की पीढ़ी को उसके जीवन का बहुलांश अभी जीना है। इसी के साथ यह बात भी कि जो मां-बाप अपने बच्चों के फैसलों को यह कहते हुए वीटो करते हैं कि यदि ऐसा हुआ तो वे (बच्चे) आगे चलकर पछताएंगे, क्या वे दावे के साथ कह सकते हैं कि यदि उनका किया फैसला मान लिया गया तो उसके ग़लत होने की कोई संभावना है ही नहीं! इस बात को समझा जाना चाहिए कि आज की पीढ़ी बहुत सोच-समझकर अपने फैसले करती है, और फिर भी अगर वह फैसला भविष्य में ग़लत साबित होता है, तो वही उस ग़लती के दुष्परिणाम भी भुगतेगी। मेरा मानना है कि उम्र के एक मुकाम पर आकर हमें अपने बाद वाली पीढ़ी को अपने जीवन से जुड़े फैसले ख़ुद करने की आज़ादी दे देनी चाहिए।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

# टमाटर से सबक ले "मार्केट इंटरवेंशन" को तैयार रहना जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लगभग हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आम नागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आम उपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम् भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रु. तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मण्डियों से टमाटर की चोरियों के समाचार मिले तो टमाटर की सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं भी लेने के समाचार मीडिया की सुर्खियां बने हैं। हांलाकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरु हो गया है तो केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नेफैड के माध्यम से आगे आई है। हांलाकि संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ के आसपास जाने का यह पहला रेकार्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया।

दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मण्डियों में भाव लागत तो छोड़ो मण्डी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाईवे के किनारों पर टमाटर के ढ़ेर के ढेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हांलाकि करीब करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, उड़ीस गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब 4 लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाए तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रेकार्ड तोड़ दिए हैं।

टमाटर दक्षिण अमेरिका के एण्डीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर केचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं। दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है। प्याज-टमाटर ऐसे हैं जो आलू आदि दूसरी सब्जियों के साथ तो काम आते ही हैं केवल और केवल टमाटर और प्याज ही ऐसे हैं जो गरीब से गरीब की थाली में लगावन का काम करता है तो अमीर से अमीर की रसोई भी इनके बिना अधूरी है। ऐसे में टमाटर के भाव आसमान छूने से सीधे सीधे आमआदमी का प्रभावित होना स्वाभाविक है।

अब सवाल दो टके का यह हो जाता है कि ऐसी सरकारों की क्या बाध्यताएं होती हैं कि एकाएक भाव बढ़ने पर आम नागरिकों को भगवान के भरोसे छोड़कर किनारे हो जाती है। हांलाकि लाख उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हो पर अभी भी देश में फसलोत्तर आधारभूत संरचनाओं की कमी बरकरार है। यही कारण है कि किसानों को मजबूरन अपने उत्पाद को सड़क के हवाले करना पड़ता है। हर हालात में फायदा होता है तो केवल और केवल बिचौलियों को होता है। पहले कृतिम अभाव पैदा किया जाता है और फिर कोल्ड स्टोरेज से थोड़ी मात्रा में बाजार में लाया जाता है ताकि ज्यों-ज्यों भाव बढ़ते जाएं त्यों-त्यों इनका मुनाफा बढ़ता जाएं और आमआदमी पिसता चला जाए। आखिर ऐसा क्यों होता है? यह इसलिए भी जरुरी हो जाता है कि सरकार की बाजार पर निगरानी रखने वाली टीम आखिर क्या करती रहती है। सरकार के पास बुवाई से लेकर उत्पादन तक के आंकड़े रहते ही हैं, इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में जमा की भी जानकारी रहती है। फिर ऐसे कौन से कारण होते हैं कि एक समय खुदरा में दस से बीस रुपए किलो बिकने वाला टमाटर दो सौ के आंकड़े को छू जाता है। यह टमाटर ही नहीं आलू, प्याज, लहसुन आदि सभी पर लागू होता है। अब तो सरकार द्वारा बागवानी फसलों के लिए रेल भी चला दी है। इससे बागवानी फसलों को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हुआ है। पर अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना है। कोल्ड स्टोरेज की चैन बनानी होगी तो वातानुकूलित कंटेनरों की व्यवस्था भी सरकार को करनी होगी।

टमाटर के भावों में तेजी के साथ ही एक बात साफ हो गई है कि सरकार का कहीं ना कहीं बाजार निगरानी तंत्र कमजोर है। पूरे देश में टमाटर के भावों को लेकर हाहाकार मचा तब जाकर नेफैड और एनसीसीएफ की नींद खुली, नहीं तो बाजार आंकलन के अनुसार पहले ही इन्हें सतर्क हो जाना चाहिए था। बाजार हस्तक्षेप पहली आवश्यकता है। उत्पादक किसान और उपभोक्ता आमआदमी दोनों के ही हितों की रक्षा करना जरुरी हो जाता है। दूसरे ऐसी परिस्थितियों में सरकार की प्रजेंस मात्र से ही हालात में सुधार होने लगते हैं। साफ है सरकार के 80 रु. किलो टमाटर उपलब्ध कराने के दूसरे दिन से ही कौन सा कमाल हो गया कि टमाटर के मण्डियों में भाव नीचे आ गए। इसलिए समय रहते बाजार हस्तक्षेप जरुरी हो जाता है। अन्यथा कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिलता है और उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही पिसते हैं। सरकार की बदनामी का कारण बनता है वह अलग। इसलिए एक प्रोएक्टिव टीम होनी चाहिए जो बाजार के हालातों पर नजर रखे और अप्रत्याशित होने से पहले ही बाजार के हालातों को नियंत्रण में ले सके ताकि आमनागरिक जमाखोरों के चंगुल में ना आ सके। दरअसल मार्केट इंटरवेंशन के लिए सरकार समय पर सक्रिय हो जाए तो मुनाफाखोरों और जमाखोरों को आसानी से सबक सिखाया जा सकता है वहीं आम नागरिकों को भी समय पर राहत मिल सकती है। इसके लिए मार्केट इंटरवेंशन की सख्त नीति के साथ ही बाजार की मांग के अनुसार समय पर फैसले लेने होंगे ताकि बाजार पर मुनाफाखोरों और जमाखोरों का नियंत्रण नहीं हो सके।

–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,
(वरिष्ठ लेखक)

# जालौर के महिला थाना के सामने जर्जर पोल से हादसे की आशंका


## प्राचीन पोल (दरवाजा) गत दिनों आये बिपरजॉय तूफान से क्षतिग्रस्त हो गई थी

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के भीतर सांडबाव के निकट महिला पुलिस थाना के सामने स्थित प्राचीन पोल (दरवाजा) गत दिनों आये बिपरजॉय तूफान से क्षतिग्रस्त हो गई थी। पोल की मरम्मत करवाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के करीब एक माह बीत जाने के बाद भी पोल की हालात जस की तस बनी हुई है। जबकि 26 से 29 जुलाई तक इसी पोल में मोर्हरम पर्व को लेकर ताजिया रखे जायेंगे। जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते जर्जर पोल की मरम्मत नहीं करवाने से यह पोल हादसे को न्यौता दे रही है।

जालोर में गत दिनों आये बिपरजॉय तूफान के चलते शहर के भीतर सांडबाव के निकट स्थित प्राचीन पोल बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई थी। पोल के सबसे आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। वही पोल के पास की दीवार भी टूट गई है। इस पोल के अंदर से गुजरने पर महिला पुलिस थाना, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

**■ 26 से 29 जुलाई तक इसी पोल में मोर्हरम पर्व को लेकर ताजिया रखे जायेंगे**

शहरी सहित अन्य स्कूल आई होने के साथ गैबनशाह गाजी दरगाह जाने का रास्ता होने से काफी लोगों का इस पोल के नीचे से प्रतिदिन गुजरना होता है। पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर 21 जून को मुख्यमंत्री के बिजरजॉय तूफान का जायजा लेने जालोर आगमन पर मुस्लिम समाज द्वारा ज्ञापन देकर क्षतिग्रस्त पोल की मरम्मत करवाने की मांग की गई थी। जिस समय मुख्यमंत्री ने भी पोल को जल्द ही मरम्मत करने के आदेश जिला कलैक्टर को दिये थे। लेकिन एक माह होने के बाद भी जिला कलैक्टर की उदासीनता के चलते शहर की प्राचीन पोल की मरम्मत तक नहीं गई है। जिससे आगामी दिनो में मोर्हरम पर लोगों की इस पोल में काफी भीड़ उमड़ेगी तथा क्षतिग्रस्त पोल से हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है। इस पोल के नीचे से महिला पुलिस थाना के पुलिस कर्मी भी बड़ी मुश्किल से निकलते हैं। वहीं स्कूल के बच्चों को भी इस पोल से गुजरने में खतरा उठाना पड़ रहा है। वहीं स्कूल प्रशासन ने मुख्य रोड़ पर आपातकालीन रास्ता खोला है, जो मुख्य रोड से खुलने से वाहनो से बच्चो के दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। वहीं दरगाह में जाने वाले जायरिनों को भी इस पोल के नीचे से गुजरने में अपनी जान जोखिम में डालनी पड रही है। यदि समय रहते प्रशासन ने जल्द ही पोल की मरम्मत नहीं करवाई तो इस पोल से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते शहर की भीतर स्थित प्राचीन पोल का पुनर्निर्माण या मरम्मत नहीं करने से लोगो में रोष देखा जा रहा हैं।



महिला पुलिस थाना के सामने स्थित क्षतिग्रस्त प्राचीन पोल (दरवाजा) हादसे को न्यौता दे रही हैं।

# राजगढ़ धाम पर हजारों श्रद्धालु उमड़े

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर अधिक मास के चलते रविवार को श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ का आलम यह था कि श्रद्धालुओं की संख्या बीस हजार के आंकडे को भी पार कर गई।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि धाम पर श्रद्धालुओं का आगमन शनिवार दोपहर से ही प्रारम्भ हो गया था। रविवार को चम्पालाल महाराज के सानिध्य में धाम पर लगभग तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं को स्वंच्छिक नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया। पुरूषो के साथ महिलाओं ने भी बढचढ कर नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा कर नशे की वस्तुओं को महाराज के श्री चरणों में छोड़ा। प्रवक्ता सेन ने बताया कि धाम पर आए हुए श्रद्धालुओं के लिए श्री मसाणिया भैरवधाम राजगढ चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से शनिवार सांयकाल को सभी श्रद्धालुओं के लिये निःशुल्क भोजन व पूरी रात निःशुल्क चाय की व्यवस्था की गई। नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए राजगढ़ धाम पर पिछले कई दशकों से नशामुक्ति महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं को नशा मुक्त करने हेतु प्रेरित किया जाता है व उनसे संकल्प दिलाया जाता है। नशामुक्ति महाअभियान राजगढ़ भैरव धाम की पहचान बन चुका है।

रविवार को धाम पर डॉ एम जी अग्रवाल, डॉ चरण सिंह, डॉ. बालमुकुन्द जेथवाल, डॉ. रश्मि सिन्हा आदि ने धाम पर पहुँच कर बाबा भैरव माँ कालिका के दर्शन कर सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा करी व चम्पालाल महाराज से आशीर्वाद लिया। साथ ही मंदिर कमेठी की और से सभी चिकित्सकों का स्वागत सत्कार किया गया। धाम पर हजारों की भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को अपनी बारी के लिये घण्टो तक इन्तजार करना पड़ा जिसके बाद सभी ने बाबा भैरव, माँ कालिका के दर्शन करते हुए सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ कर परिक्रमा कर चमत्कारी चिमटी प्राप्त करने के पश्चात मुख्य स्थान चक्की वाले बाबा के मंदिर पर राजा रानी कल्पवृक्ष के भी परिक्रमा की।



श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर अधिक मास के चलते रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 24 जुलाई, 2023

प्रथम सावन मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र रात्रि 10:12 तक, शिव योग दिन 2:51 तक, तैतिल करण दिन 1:43 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 1:43 तक है। रवियोग रात्रि 10:12 तक है। आज बुध मघा सिंह में रात्रि 4:32 पर प्रवेश करेगा। आज सावन वन सोमवार व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:31 तक, शुभ 9:12 से 10:52 तक, चर 2:14 से 3:54 तक, लाभ-अमृत 3:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:51, सूर्यास्त 7:16

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण और आवश्यक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

# विधायक बुडानियां के खिलाफ एकजुट हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता

- तारानगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस हुई दो फाड़,
- स्थानीय व्यक्ति ही बने विधायक, रही मुख्य मांग
- स्थानीय गढ के आगे हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन



तारानगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेसी।

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर में रविवार को कांग्रेस दो भागो में दिखाई दी, तो वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने वर्तमान कांग्रेस विधायक नरेन्द्र बुडानियां के खिलाफ एकता का प्रदर्शन कर हजारों की संख्या में तारानगर मुख्य बाजार स्थित गढ के आगे पहूंच कर शक्ति का प्रदर्शन किया।

तारानगर विधानसभा से स्थानीय व्यक्ति को कांग्रेस की टिकिट मिले की मांग को लेकर गढ परिसर के आगे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनफूल कस्वां ने की तो मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री बनवारीलाल सुणीयां थे । सम्मेलन में आये हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व आमजन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेसी कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि क्या तारानगर विधानसभा की भूमि पर ऐसा कोई व्यक्ति पैदा नहीं हुआ जो तारानगर का विधायक बन सके ? अब आने वाले समय में तारानगर का निवासी ही विधायक बनेगा यह आज यहां की जनता ने तय कर लिया है। वर्षो से तारानगर की जनता व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय व्यक्ति को उम्मीदवार बनाये जाने की मांग रखी लेकिन इस बार तारानगर की जनता ने एक ही मानस बना लिया है कि अभी नहीं तो कभी नहीं।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खादी एवं ग्रोमोद्योग बोर्ड महासचिव महासिंह सिहाग ने वर्तमान विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विकास की गंगा की धारा तारानगर की ओर भी भेजी लेकिन यहां पर विधायक बुडानियां के कारण वो धारा भ्रष्टाचार, बेईमानी, दलाली, कमिशनखोरी के नीचे दब कर रह गई । सिहाग ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक विधानसभा के विकास कार्यो के लिये 500 करोड़ रूपये खर्च करने की अनुमती मिली थी लेकिन विधायक बुडानियां ने किसी पकार की योजना बनाकर गहलोत को नहीं भेजी जबकि विधायक बुडानियां को विधायक निधि में प्रतिवर्ष 5 करोड़ रूपये मिलते है लेकिन केवल 31 प्रतिशन राशि ही खर्च हुए बाकी राशि खर्च ही नहीं हो पाई।

सिहाग ने कहा कि बुडानियां ने सिर्फ झूठी वाहवाही लूटने का काम किया, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दर किनार कर दिया, यदि उनसे कोई सवाल पूछे तो उनपर एफआईआर दर्ज करवा दी जाती है।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए धीरवास परिवार से कांग्रेसी नेता व पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश सहारण ने कहा कि धीरवास परिवार ने हमेशा तारानगर तहसील की सेवा की है और आगे भी सेवा करेगा, आज हम सब ने यह तय किया है कि तारानगर का विधायक स्थानीय व्यक्ति ही हो। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र दूत ने कहा कि विधायक नरेन्द्र बुडानियां ने किसानो को झूठे सब्जबाग दिखाए, झूठे आश्वासन दिये, नहर का रकबा नहीं बढाया और पूरी तरह से किसानो के हितो दरकिनार किया है । सम्मेलन को पूर्व पीसीसी सदस्य व कांग्रेसी कमेटी शहर अध्यक्ष पुष्करदत्त इन्दौरिया, पूर्व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष च्यानणमल गोदारा, पूर्व प्रधान जयसिंह मेघवाल, बाबुखां भालेरी, काशीराम सोलंकी, युवा कांग्रेसी नेता मनोज लाटा, जयदेव सहारण धीरवास, ने सम्बोधित किया।

## होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, चूरू एवं विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट, चूरू के तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज की पुण्यतिथि पर सोमवार को सुबह 10.30 बजे से सायं 4.00 बजे तक पीठाधीश्वर संत बैजनाथ महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। आश्रम के प्रकाशनाथ महाराज ने बताया कि शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बी.एल. गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी. दास, डॉ. रमेश चौधरी एवं डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि शिविर में पथरी, जोड़ों का दर्द, गठिया, चर्म रोग, दाद-खाज-खुजली, पित्ती, सफेद दाग, सोरायसिस, प्रोस्टेट, पाईल्स, एलर्जी, नजला, दमा (स्वांस), मानसिक रोग आदि के अतिरिक्त बच्चों एवं स्त्री रोगों की विशेष चिकित्सा व्यवस्था रहेगी।

## सार-समाचार

### मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**सादुलपुर, (निसं)।** प्रदेश कार्यकरिणी के आव्हान पर शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा राजगढ ने शाखा अध्यक्ष प्रवीण मेघवाशी के नेतृत्व में उपखंड मुख्यालय राजगढ पर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को अपनी विभिन्न 11 सूत्री माँगों को पूरा करने की माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पर शिक्षक संघ के सदस्य रघुवीर सिंह बाडेटिया, सहीराम मेहरा, सुभाष बागोत, सुरेंद्र सिंह बौद्ध, अजय सिंह बेरवाल, पवन गोठवाल, रामकुमार धानिया, चंद्रभान गोठवाल, सीताराम सिंघल, जयवीर सिंघल, बलवान बालानिया, विजय कुमार बेरवाल, मुकेश खारिया और गजेन्द्र सिंह बौद्ध आदि साथी उपस्थित रहे।

### जिले की मांग, धरना जारी

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर सुजला महासत्याग्रह द्वारा गांधी चौक सभा मंच पर धरना प्रदर्शन लगातार 113 वें दिन भी जारी रहा। सुजला महासत्याग्रह द्वारा संचालित धरने का नेतृत्व रविवार को किशोर सिंधी व दीनदयाल सैन द्वारा किया गया। असलम खिलजी व गणेशाराम पंवार ने सुजला जिले के समर्थन में गगनभेदी नारे लगवाए। महासत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा, किशोरदास स्वामी, भंवरलाल गिलाण, गोविंद जोशी, ओमप्रकाश सेवादार, यूसुफ गौरी, संजय पारीक, मोहित प्रजापत, रूपाराम सांसी, अशोक कुमार टाक, अब्दुल वकास गौरी, रामनिवास भाट जसवंतगढ, संदीप सैन छापर, अब्दुल वाहिद बेहलिम, आदिल, राजकुमार सैन सहित अनेक धरनार्थी उपस्थित थे।

### विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

**सादुलपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुड्डी में विद्यालय परिवार द्वारा 11 अशोक वृक्ष के पौधे एवं कुछ अन्य पौधे लगाकर उनकी रक्षा का संकल्प लेकर प्रकृति प्रेम का उदाहरण पेश किया गया। पौधारोपण के दौरान एक विद्यार्थी एक पौधा लगाने का संकल्प भी विद्यार्थियों को दिलवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार, सरपंच नत्थूराम रंगा, विजय सिंह पूनियाँ, धर्मपाल सुवटा, भूपसिंह पूनियाँ, शेरसिंह बागोतिया, राजेंद्र पूनियाँ, लखवीर प्रजापत, प्रभाती राम बागोतिया एवं स्टाफ सदस्य रणधीर पूनियाँ, अजय कुमार, संजीव कुमार, सत्यवीर सिंह, भगवानी, सौरभ बांगा, सुन्दर सहारण, रजनेश कुमारी, सुलोचना आदि उपस्थित थे।

# राजपूत समाज प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर युवा राजपूत महासभा की बैठक



मंडावा में युवा राजपूत महासभा की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**मंडावा, (निसं)।** कस्बे के फतेहपुर बाईपास पर हीरो एजेंसी परिसर में रविवार को युवा राजपूत महासभा की बैठक आयोजित हुई।

युवा राजपूत महासभा अध्यक्ष दलीप सिंह वाहिदपुरा की अध्यक्षता में व परविंदर सिंह तिहावली के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में

- समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं: परविंदर सिंह

अगस्त माह में होने वाले राजपूत समाज प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। दलीप सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह में राजपूत समाज के छात्र-छात्राओं के अलावा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान किया जाएगा और सम्मान समारोह 20 अगस्त को मंडावा में आयोजित होगा। बैठक में सम्मान समारोह को लेकर व्यवस्थाएं करने को लेकर जिम्मेदारियां तय करने, पंचायत वाइज अलग-अलग जिम्मेदारी देने, बजट, सम्मानित होने वालों के नाम फाइनल करने सहित समारोह को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

परविंदर सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं और गांव- गांव जाकर जन संपर्क करें ताकि ज्यादा से ज्यादा राजपूत समाज के लोग एक मंच पर एकत्रित हो सके। बैठक में परविंदर सिंह तिहावली , चंदन सिंह नूआ, प्रदीप सिंह नूआ, नरेश सिंह नूआ, महावीर सिंह दीनवा, दिलराज सिंह मंडावा, अर्जुन सिंह मौजास, दीपेंद्र सिंह मौजास, रणवीर सिंह मौजास, दिलावर सिंह हेतमसर, संतोष सिंह दुराना आदि उपस्थित रहे।

## कावडियों का स्वागत आज

**सुजानगढ़, (निसं)।** गंगोत्री-यमुनोत्री से कावड लेकर आ रहे कावडियों का आज सोमवार को स्वागत किया जायेगा। सुभाष वेदी ने बताया कि एक हजार किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित गंगोत्री-यमुनोत्री से कावड लेकर आने वाले कावडियों का सोमवार सुबह साढे नौ बजे ठरडा स्थित शिवालय में स्वागत किया जायेगा। उसके बाद शिवालय से कावड यात्रा रवाना होगी, जो कि शहर के प्रमुख रास्तों से होते हुए इंद्रगिरी आश्रम पंहूच कर कावडियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा। इसके बाद देश में खुशी व शांति की प्रार्थना की जाएगी। सुभाष बेदी ने आम लोगों से अपील की है कि इस धार्मिक आयोजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रावण के पवित्र सोमवार के दिन धर्म लाभ कमावे। सुभाष बेदी ने बताया कि अधिक मास में भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने से मन को शक्ति व शांति मिलती है तथा कठिन से कठिन परिस्थितियों का भी निवारण हो जाता है। बेदी ने बताया कि कांवड यात्रा में शामिल होने से अश्वमेध यज्ञ के समान धर्म लाभ मिलता है।

# मणिपुर हिंसा पर मीणा समाज में आक्रोश



उदयपुरवाटी कस्बे में आदिवासी सेवा संस्थान की बैठक हुई।

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** कस्बे में स्थित मीणा भवन में रविवार को आदिवासी सेवा संस्थान की बैठक होशियार सिंह बामलास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आदिवासी सेवा संस्थान के तत्वावधान में मीणा समाज की बैठक में मीणा समाज के लोगों ने समाज की दशा और दिशा सहित अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

इस मीटिंग में मीणा समाज के लोगों ने मणिपुर हिंसा पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मणिपुर में होने वाले अत्याचारों, बलात्कार, लूट, गांव के गांव जलना, लाखों की संख्या में लोग बेघर हो रहे हैं। मीटिंग में मीणा समाज के लोगों ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, बर्खास्त करो, आदिवासियों पर अत्याचार बंद करो, बंद करो सहित आदि नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें राज्य सरकार व केंद्र सरकार को जवाबदार ठहराया है।

## एक दिन अंतराल से होगी पेयजल आपूर्ति

**सुजानगढ़, (निसं)।** अब शहर में एक दिन अंतराल से पेयजल सप्लाई होगी। जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता रामवतार सैनी ने बताया कि घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में अतिवृष्टि होने के कारण बैराज से मुख्य नहर में पेयजल के लिए पानी के प्रवाह को बंद कर दिया गया है।


### नाम परिवर्तन

मैं श्रवण सिंह पुत्र चंद्रा राम जाति जाट निवासी वार्ड न. 07 बलरासर आथुना तह. व जिला चूरू ( राज.) का रहने वाला हूं जो की शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि- 1. मेरे पासपोर्ट में मेरा अंग्रेजी नाम SHRWAN SINGH अंकित है। तथा अन्य दस्तावेजों (आधार कार्ड, पेन कार्ड ) आदि में मेरा नाम अंग्रेजी में SHRAWAN SINGH अंकित है। अर्थात SHRWAN SINGH और SHRAWAN SINGH दोनो मेरे ही नाम है। और अन्य किसी दस्तावेजों में मेरा नाम SHRAWAN SINGH नाम है जो सही है तो इसे सही माना जाये। आज के बाद से मुझे मेरे सही नाम SHRAWAN SINGH नाम से जाना जाये।
शपथ ग्रहिता- श्रवण सिंह


# देह शोषण का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थानान्तर्गत एक निजी कॉलेज में पढने वाली छात्रा की नहाते समय अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के मामले में नामजद गिरफ्तार आरोपी आशीष नेहरा को 24 जुलाई तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील ने बताया कि राजगढ थाने में दर्ज एक निजी कॉलेज में पढने वाली छात्रा की नहाते समय जून 2022 में अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने एवं डरा धमका कर पैसे व सोने की चेन ऐंठने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी आशिष जाट निवासी जिला झुन्झुनूं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से अदालत ने उसे पुछताछ हेतु 24 जुलाई तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। गौरतलब है कि दर्ज प्रकरण अनुसार एक निजी कॉलेज में पढने वाली छात्रा के पिता ने 4 जून की रात्रि को राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था कि उसकी पुत्री एक निजी कॉलेज में पढती है। आरोप है कि जून 2022 से आरोपी आशीष जाट उसकी लडकी का पीछा करने लगा तथा उनके गाँव का पता लगाकर उनके घर के पास ही उक्त आशीष, कुलदीप व अमित ने फसल बीमा एजेन्ट बनकर मकान किराये पर ले लिया तथा आरोपी आशीष नेहरा ने छुपकर किसी समय उसकी लडकी की नहाती की अश्लील फोटो अपने मोबाईल में ले ली तथा उक्त फोटो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमैल करने लगा तथा फोटो वायरल करने की धमकी देकर काफी समय तक ब्लैकमैल कर छात्रा का देह शोषण करता रहा। मगर आरोपी युवक आशीष की माँग ज्यादा बढने पर पीडित छात्रा ने परेशान होकर 3 मई 2023 को पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपनी माँ को दी तथा छात्रा की माँ ने उसके पिता को इस संबन्ध जानकारी देने पर जब उसने उक्त आशीष को इस बात का उल्लाहना दिया तो नाराज हो गया तथा छात्रा की अश्लील फोटो उसके मोबाईल पर एवं आरोप है कि उसके जानकारों के मोबाईल पर वायरल करने लगा तथा उसकी लडकी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक व वाटसएप पर वारयल कर दी।

## रंगारंग नृत्य व नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** आईडियल पब्लिक स्कूल राजगढ में राजस्थान संस्कृति आधारित रंगारंग नृत्य व नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर चेयरमेन डॉ. अनिल सांगवान ने किया। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन अनिल सांगवान व संस्था निदेशक रविन्द्र श्योराण ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में हमें सभी को अपनी सभ्यता ओर संस्कृति से जुडे रहना चाहिए तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से बाहरवी तक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 9वी कक्षा की छात्रा भावना व हर्षिता ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आठवी कक्षा की छात्रा खुशी ने कब्जा किया। नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 9वीं, 10 वीं व 8वीं की छात्राओं ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रधानाचार्य अनिता सिहाग ने सभी बच्चो का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सविता महेश्वरी दुर्गा वर्मा, रितू और पूजा शर्मा ने किया।

# झुंझुनूं के योग शिक्षकों का हुआ भव्य सम्मान

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान योग शिक्षक संघर्ष समिति (आयुष सेवा संस्थान) एवं राष्ट्रीय सैनी सभा योग प्रकोष्ठ झुंझुनूं के बैनर तले चूणा चौक स्थित धर्मदास भवन में योग शिक्षक सम्मेलन में जिले के सैंकड़ों योग शिक्षकों का मैडल पहनाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के सह संयोजक लालचंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामकुमार सैनी समाजसेवी ने योग शिक्षकों के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी वैद्य राजेंद्र कुमावत ने कहा कि योगयुक्त होकर ही हम रोगमुक्त हो सकते हैं। नित्य योगाभ्यास करके ही योग से फायदे मिलते हैं। योग करके ही जीवनशैली जन्य बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने योग शिक्षकों को कहा कि योग संभावनाओं का खुला आकाश है। इसलिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग की अलख जगाते हुए आप अठादूत की भूमिका अदा कर सकते हैं और लोगों के स्वास्थ्य का पाया मजबूत कर सकते हैं। राजस्थान योग शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश संरक्षक योगगुरु ओम कलवा ने समिति की प्रोठोस रिपोर्ट बताते हुए योग शिक्षकों के लिए दिनरात कार्य कर उन्हें उनका हक दिलाने की बात कही।

इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तुनवाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रायसिंह तोगड़ा, बेटी बचाओ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा, राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश महासचिव श्रवण सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला संरक्षक जगदीश प्रसाद सैनी, चूरू जिले के कोटा ओपन विश्वविद्यालय के योग केंद्र के संचालक शंकर सैनी, ब्लॉक सीएमएचओ मलसीसर डॉ. राहुल व सुमन आदि थे। कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय सैनी सभा के जिलाध्यक्ष अजय सैनी ने बताया कि संगठन में ही शक्ति होती है। संगठन के साथ चलने पर व्यक्ति अपने अभीष्ट को प्राप्त कर लेता है और सभी योग शिक्षकों, सहयोगियों, कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों का धन्यवाद दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हनुमाननगर, पंचायत समिति पूगल जिला-बीकानेर

क्रमांक:-ग्रापंह/निविदा/2023-24/424-25 दिनांक:-21/07/2023

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना-01/2023-24

एनआईबी संख्या ZBK2324A0018

कार्यालय ग्राम पंचायत हनुमाननगर, पंचायत समिति पूगल के द्वारा डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है सम्पादन हेतु केन्द्रीय/राज्य स्तरीय विभागो में पंजीकृत सक्षम फर्मो/व्यक्तियों/संवेदको से ई-बोली प्रक्रिया द्वारा आनलाईन बोलीया आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्राम पंचायत | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की अंतिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र व डीडी/बैंकर्स चैक जमा करवाने की दिनांक व स्थान | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व स्थान |
|---|---|---|---|
| हनुमाननगर | 26.07.2023को साय:06.00 बजे तक | 27.07.2023 दोपहर12:00 बजे तक | 27.07.2023 को दोपहर02:00बजे से लगातार |

सरपंच
ग्राम पंचायत
हनुमाननगर


# बच्चों के सामने नशा ना करें, परिवार ही पहली पाठशाला: डॉ. कपूर थालौर



पुलिस लाइन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।

**झुंझुनूं, (निसं)।** पुलिस व राजस्थान महिला कल्याण मंडल झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में बाल नशा मुक्ति एवं बाल संरक्षण के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बाल मनोचिकित्सक डॉ. कपूर थालौर ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि नशा मुक्ति रोकथाम के प्लान में सबसे पहले जिले की विद्यालयों के पास पड़ौस स्थित गुटका, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी व मदिरा आदि की दुकान नहीं होनी चाहिए।

बच्चों की प्रथम पाठशाला उसका परिवार होती है। बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। बच्चे अपनी नादानी के अंदर जो सामने देखते हैं। वहीं अपने जीवन में ठाहण करने की कोशिश करते हैं। उनमें सीखने की जिज्ञासा होती है। इसलिए वह अपने से बड़ों को नशा करते देख उसे करने की कोशिश करते हैं। इसलिए बच्चों के सामने किसी प्रकार का नशा ना करें। इसका विशेष ध्यान रखें। आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकीय खेतान भगवान दास हॉस्पिटल के सुप्रीडेंट सज्जन सिंह पूनियां ने बाल नशा को सामाजिक कुरीति बताया है। बाल नशा एक अभिशाप है। इस को मिटाना बहुत ही मुश्किल कार्य है। बालपन में बालक अपने आसपास में जो देखता है। जो समझता है। उसी को अपने जीवन में उतार लेता है। इसलिए अपने पास पड़ौस के परिवेश को धूम्रपान, तंबाकू, गुटका रहित बनाने का प्रयास करें। इस लड़ाई से लड़ने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा।

मानव तस्करी प्रकोष्ठ गुमशुदा यूनिट के सीआई गुलाबसिंह ने आए हुए अतिथि का सम्मान करते हुए राजस्थान महिला कल्याण मंडल झुंझुनूं के जिला समन्वयक राजेंद्र सिंह, रेस्क्यू कोर्डिनेटर महेंद्र सिंह, रानी शिखा गुप्ता के नंबर सभी को अंकित करवाएं। बाल विवाह से संबंधित झुंझुनूं जिले के 5 ब्लॉक के 195 राजस्व गांव को मार्च 2023 तक बाल विवाह मुक्त करने का लक्ष्य लेकर 15 कम्यूनिटी सोशल वर्कर गांव-गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। अब तक मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ यूनिट झुंझुनूं, कोतवाली, चिड़ावा, पिलानी, सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के बाल कल्याण अधिकारियों के सहयोग से संयुक्त रूप से संस्था द्वारा जून माह में आठ बाल श्रम करते हुए बालकों को मुक्त करवाया गया है। उपस्थित सभी अधिकारीगण बस संस्था कार्यकर्ताओं के द्वारा बाल विवाह मुक्त पोस्टर विमोचन कार्यक्रम किया गया। वह सभी को बाल विवाह न करने की शपथ दिलवाई गई।

कार्यक्रम में राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था के कार्यकर्ता एस कुमार सैनी, नरेंद्र सिंह भाटी, अनिता चौधरी, मिनाक्षी सैनी, एएचटीयू सुरेश कुमार, एएसआई सुरेश कुमार, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार, कांस्टेबल व जिले के समस्त थानों से पधारे हुए बाल कल्याण अधिकारी क्रमशः मंजू एएसआई, रामसिंह एएसआई, प्यारेलाल एसआई, रमेश कुमार एएसआई, देवेंद्र कुमार, कैलाश सिंह, सत्यवीर सिंह, होशियार सिंह, सुभाषचंद्र एएसआई, सज्जन सिंह पूनियां, अरविंद कुमार, शीशपाल, रामपाल, राजकुमार एसआई, सज्जन सिंह मीणा एसआई, शीशराम, इंद्राज सिंह एएसआई, विजय सिंह एएसआई, सुमेर सिंह, एएसआई कंचन, एसआई विद्याधर शर्मा, कैलाशचंद्र शर्मा, महेंद्रसिंह व नरेश कुमार सैनी आदि मौजूद थे।


## कार्यालय पंचायत समिति पूगल जिला-बीकानेर

क्रमांक:-पंसपू/ई-निविदा/2023-24/318-19 दिनांक:-21/07/2023

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पंचायत समिति पूगल के अन्तर्गत पंचायत समिति मद एवं विधायक मद से विभिन्न कार्य करवाये जाने के लिए ई-निविदा हेतु केन्द्रीय/राज्य स्तरीय विभागों में पंजीकृत सक्षम फर्मो/व्यक्तियों/संवेदको से ई-बोली प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन बोलीया आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| पंचायत समित | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की अंतिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र व डीडी/बैंकर्स चैक जमा करवाने की दिनांक व स्थान | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व स्थान |
|---|---|---|---|
| पूगल | दिनांक28.07.2023को दोपहर 12:00बजे तक | दिनांक28.07.2023दोपहर02:00 बजे तक,कार्यालय पंचायत समिति, पूगल | दिनांक28.07.2023 दोपहर03:00बजे, कार्यालय पंचायत समिति पूगल |

| S.No. | NIB No. | UBN No |
|---|---|---|
| 1. | ZBK2324A0019 | ZBK2324WSOB00082 |
| 2. | ZBK2324A0020 | ZBK2324WSOB00083 |
| 3. | ZBK2324A0021 | ZBK2324WSOB00084 |
| 4. | | ZBK2324WSOB00085 |
| 5. | ZBK2324A0022 | ZBK2324WSOB00086 |
| 6. | | ZBK2324WSOB00087 |
| 7. | | ZBK2324WSOB00088 |
| 8. | | ZBK2324WSOB00089 |
| 9. | | ZBK2324WSOB00090 |
| 10. | | ZBK2324WSOB00091 |
| 11. | | ZBK2324WSOB00092 |
| 12. | | ZBK2324WSOB00093 |
| 13. | | ZBK2324WSOB00094 |


विकास अधिकारी
पंचायत समिति पूगल

# श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटने से एक ही परिवार के 10 लोग घायल

## खोह मनसा माता की पहाड़ियों के रास्ते में माता के दर्शन कर वापस लौट रहे थे

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** खोह मनसा माता अरावली की पहाड़ियों में मनसा माता रास्ते पर रविवार को कमांडर जीप पलटने से 10 लोग घायल हो गए। सात घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पोंख सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको नीमकाथाना रैफर किया गया। वहीं तीन घायलों को हादसा स्थल से सीधे ही उदयपुरवाटी सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीकर रैफर किया गया। जानकारी के अनुसार गाड़ी में कुल 13 लोग सवार थे, जो सभी नीमकाथाना के भूदोली क्षेत्र के बहादुर सिंह की ढाणी के एक ही परिवार के सदस्य थे।

घायल पूजा कंवर ने बताया कि हम परिवार सहित मनसा माता के दर्शन करने के लिए आए थे। माता के दर्शन करने के दौरान वापस लौटते समय हमारी गाड़ी एकाएक गहरी खाई की तरफ जाने लगी। अनियंत्रण होने पर ड्राइवर और आगे बैठे लोगों की सूझबूझ से गाड़ी को पहाड़ की तरफ मोड़ा गया। हम कुछ समझ पाते इससे पहले गाड़ी पहाड़ की तरफ पलट गई और चीख-पुकार मच गई। उन्होंने बताया कि गाड़ी में सवार हम 13 लोगों सवार थे। जिसमें 10 घायल हो गए। हम सभी घायलों के काफी चोटें लगी है। गनिमत रही कि हमारी गाड़ी गहरी खाई में जाने से बच गई और हम जिंदा बच गए। घायलों में ओम कंवर पत्नी हरि सिंह आयु 52 वर्ष, पूजा कंवर पत्नी जोगिंदर सिंह, संतरा पत्नी गिरवर सिंह, संतोष कंवर पत्नी रामसिंह, गेंद कंवर पत्नी अमर सिंह, जोगिंदर सिंह पुत्र हरि सिंह, हरिसिंह पुत्र भालसिंह, पलक पुत्री जोगिंदर सिंह, भावना पुत्री विजेंद्र सिंह, नक्ष पुत्र जोगिंदर सिंह है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व इसी स्थान पर राजीवपुरा के श्रद्धालुओं की भरी ट्रेक्टर ट्रॉली गहरी खाई में गिरने से 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। रास्ते में अधिक ढलान व घुमाव होने की वजह से वापस आते समय गाड़ियां अनियंत्रित हो जाती है। मौके पर घटनास्थल पर आधा घंटे बाद एसडीएम रामसिंह राजावत, पचलंगी चौकी इंचार्ज संत कुमार व गुढागौड़जी सीआई वीर सिंह गुर्जर पौंख अस्पताल पहुंचे। घायल श्रद्धालुओं से बातचीत की। इस दौरान डॉ. संदीप शर्मा, नर्सिंग स्टाफ सरोज, राकेश शर्मा ने घायलों का इलाज कर नीमकाथाना रैफर कर दिया।



खोह मनसा माता अरावली की पहाड़ियों में मनसा माता रास्ते पर जीप पलट गई।

- गाड़ी में 13 लोग सवार थे, जो भूदोली क्षेत्र के बहादुर सिंह की ढाणी के एक ही परिवार के सदस्य थे
- पिछले दिनों भी इसी जगह श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 10 लोगों की हुई थी मौत

# हथियार तलाश के लिए करौली के पांचना पुल पर पहुंची पुलिस

## भरतपुर के कुलदीप जघीना हत्याकांड का मामला



करौली के पांचना पुल के पानी में हथियार की तलाश करते पुलिसकर्मी।

**करौली, (निसं)।** भरतपुर के कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपियों को लेकर भरतपुर जिले की पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर हथियार तलाश के लिए करौली के पांचना पुल पर पहुंची। जहां पुल के पानी में भरतपुर की एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों के माध्यम से वोट के जरिए भारी चुंबकों से पांचना पुल के नीचे पानी में तलाश देर रात तक जारी रही। इस मौके पर भरतपुर के भुसावर सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक सीताराम वर्मा, भुसावर के एसएचओ मदन लाल मीणा, हलैना थाने के एसएचओ चंद्रमोहन भारी पुलिस बल के साथ हथियार तलाशी के मौके पर तैनात रहे।

जानकारी के कृपाल जघीना हत्याकांड के आरोपी कुलदीप जघीना एवं विजयपाल पर गत 12 जुलाई को दोपहर के समय कृपाल जघीना के आरोपियों को पेशी पर ले जाते वक्त रोडवेज बस पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिस फायरिंग में कुलदीप जगीना की मृत्यु हो गई जिस पर भरतपुर पुलिस ने तृरत फुरत में कार्यवाही करते हुए और कुलदीप जघीना के हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की आरोपियों के कुछ साथी पुलिस गिरफ्त से दूर रहे जानकारी के अनुसार उन आरोपियों में से भी भरतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए हैं जिस हत्याकांड में उपयोग में लिए गए हथियारों की भरतपुर पुलिस गहनता से आरोपियों से जांच कर रही है और आरोपियों की निशानदेही पर ही रविवार को भरतपुर पुलिस करौली पहुंची जो यहां के पांचना पुल के नीचे पानी में हथियार की तलाश में जुटी हुई है। इस मामले में भुसावर के पुलिस उपाधीक्षक सीताराम वर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने जानकारी में बताया कि कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपियों की निशानदेही पर हथियार की तलाश करने में लगे हुए है। इस मौके पर करौली कोतवाली के यदुवीर सिंह, प्रेम सिंह, खेम सिंह, भरतपुर पुलिस के सहयोग में मौके पर उपस्थित रहे।

# जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज

- लोन दिलाने के नाम पर बलात्कार करने और बताने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**मंडावर, (निसं)।** हिण्डौन थाना इलाके के गांव की एक विवाहित महिला ने शनिवार को थाना पुलिस में एक जने पर लोन दिलाने के नाम पर बलात्कार करने और बताने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया है।

थाना पुलिस ने बताया कि गांव की एक विवाहिता महिला ने थाना पुलिस में रिपोर्ट दी की वह जून माह में अपने पति के साथ महुवा किसी कार्य से आई थी। जहां से वापस आने के लिए महुवा के बस स्टेंड पर बैठे थे। जहां एक व्यक्ति ने अपने आपको राजकीय कर्मचारी बताते हुए लोन दिलाने को कहा। बताया कि तुम्हारे पास विकलांग का सर्टिफिकेट हो तो तुम्हें 10 लाख रुपए का लोन प्रधानमंत्री स्वरोजगार के तहत मिल जावेगा। जिसमे 5 लाख रुपए माफ हो जावेंगे। तुम्हे लोन के 5 लाख रुपए ही किश्तों में चुकाने पडेंगे। उसने अपना नाम गिरधारी पुत्र हरनंद बताया और फाइल बनवाने के नाम 10 हजार रुपए का खर्चा पहले देने बताए। मैंने और मेरे पति ने उस दिन के बाद से कई किश्तों में गिरधारी को करीब 10 हजार रुपए दे दिए। जिस पर वह लोन के लिए मौका देखने गांव आया। बोला की एक दो दिन में तुम्हारा लोन पास हो जायेगा। जिसके बाद लोन पास नहीं हुआ तो मेरे पति ने फोन कर गिरधारी से कारण पूछा। जिस पर गिरधारी ने कहा कि मैनेजर साहब मौका देखने की कह रहे हैं।

जिसके बाद एक दिन गिरधारी ने मेरे पति को महुवा बुलाया। तब गिरधारी मेरे पति के साथ 14 जुलाई 2023 को रात्रि करीब 8 बजे मेरे घर आया। उसे भोजन कराया और वह बाहर मेरे पति के पास दूसरी चारपाई पर सो गया। मेरे पति गहरी नीद में सो गए। मैं अंदर कमरे में चटाई पर सो रही थी तो गिरधारी मेरे कमरे के अंदर आ गया। बोला कि मेरे साथ संबंध बनाएगी तो तुझे लोन दिलाऊंगा। मेरे मना करने और विरोध करने और चिल्लाने पर मेरा मुंह भींच दिया और मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इधर थानाधिकारी सचिन शर्मा का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल करवा दिया है नक्शा मौके की कार्यवाही की गई है। मामले में कार्यवाही जारी है।

# करंट से महिला की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मोर थाना क्षेत्र के मैहरू कलां गांव में रविवार की सवेरे करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि मैहरू कलां निवासी पाना देवी पत्नी राजू लाल कीर उम्र 40 वर्ष घर में पानी की मोटर का तार लगाते समय करंट की चपेट में आकर अचेत हो गई। जिसे परिजनों ने अचेतावस्था में मालपुरा अस्पातल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात चिकित्सकों ने महिला को मृत घौषित किया। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा।

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 के ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी की सामान्य ज्ञान परीक्षा 30 जुलाई को पुनः होगी

## परीक्षा से 3 दिवस पूर्व अपलोड होंगे प्रवेश-पत्र, आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल पर उपलब्ध होंगी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी की सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन 30 जुलाई 2023 को किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ग्रुप-ए की परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे तक एवं ग्रुप-बी की परीक्षा दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा से 3 दिवस पूर्व आयोग वैबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। अभ्यर्थियों को सुरक्षा जांच एवं पहचान के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होना होगा। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

गुप्ता ने कहा कि आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में आयोग को सूचित करें । इस बारे में निकटतम पुलिस स्टेशन में एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर प्रवेश अनुमत किया जा सकता है। मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पूर्णतः पालना करनी होगी। आयोग द्वारा कोरोना संक्रमित अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु पृथक से व्यवस्था की जाएगी।

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने चेराई पहुंच दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की

## ओसियां और लोहावट विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे गजेन्द्र सिंह शेखावत

**जोधपुर, (कासं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को सुबह ओसियां विधानसभा क्षेत्र के चेराई गांव के उस स्थान पर पहुंचे, जहां दरिंदों ने एक अबोध बालिका समेत चार जनों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों से वारदात के संदर्भ में बातचीत की। शोकसभा में दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जानकारी के अनुसार ओसियां विधानसभा क्षेत्र के चेराई में गत दिनों एक अबोध बालिका सहित चार लोगों को दरिंदगी से मौत के घाट उतार दिया गया था। दिल दहला देने वाले इस घटनाक्रम ने सभी को हतप्रभ कर दिया। केन्द्रीय मंत्री शेखावत यहां शोकसभा में शामिल हुए। चारों मृतकों को पुष्पांजली अर्पित की। परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया। दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

संसदीय क्षेत्र में प्रवास के दौरान शेखावत ने लोहावट विधानसभा क्षेत्र के नोसर पल्ली, मतोड़ा, बेडू ईसरू, पलीना में विभिन्न शोक सभाओं में शामिल होकर शोक संवेदना जताई। मतोड़ा जाकर जगदीश सुथार के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त जताई। परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। शेखावत ने नोसर मे पूर्व को कॉपरेटिव चेयरमैन चतुराराम पूनिया के निधन पर आयोजित शोकसभा में शामिल हुए। पल्ली में ठाकुर स्व. अनोप सिंह रावलोत की पत्नी के निधन पर शोक संवेदना जताई। बेडू में अलसीराम सिमराथा राम के निधन पर और ईसरू में उदय सिंह के निधन पर व आऊ में कन्हैया लाल टाटिया के निधन पर आयोजित शोक सभा शामिल होकर शोक संवेदना जताई। देनोक में जबर सिंह के पुत्र मानवेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। पलीना में स्वरूप सिंह के पिता ठाकुर जय सिंह के निधन पर शोक संवेदना जताई। फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, देहात उत्तर अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, देहात दक्षिण अध्यक्ष जगराम विश्नोई, ज़िला उपाध्यक्ष विक्रमादित सिंह, भागीरथ बेनीवाल, अभिषेक भादू, ज्योति ज्यानि, वीरेंद्र सिंह निबोल, राजेन्द्र सिंह देनोक, नरपत सिंह राठौर, पुखराज जांगिड़ खिवराज जांगिड़, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

**कार्यकर्ताओं से मुलाकात की** :- केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने मतोड़ा स्थित देहात उत्तर के मण्डल कार्यालय बापिनी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मण्डल कार्यकर्ताओं से भाजपा के प्रदेशव्यापी अभियान नहीं सहेगा राजस्थान के तहत आयोजित कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी ली।

# जालोर में मूसलाधार बारिश

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर में रविवार देर शाम को मूसलाधार बारिश होने से चारों ओर पानी ही पानी हो गया। बारिश से निचली कोलॉनियों में पानी भर गया तथा न्यू बस बस स्टैण्ड सहित अन्य जगह पर भी बारिश का पानी जमा हो गया। वहीं बारिश का दौर शुरु होते ही शहर की बिजली गुल हो गई। जालोर शहर में रविवार को सुबह से ही तेज उमस व गर्मी से लोग दिनभर परेशान रहे। वहीं शाम ढ़लते ही आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल दिया। बारिश का दौर शुरु हुआ जो करीब एक घंटे तक बारिश का दौर जारी रहा। वहीं मूसलाधार बारिश से जालोर शहर के न्यू बस स्टैण्ड, नर्मदा कॉलोनी, सुदेलाव तालाब के ओवरफ्लो क्षेत्र में बसी कॉलोनियों में पानी भर गया। बारिश से सड़कों पर तेज वेग से पानी बहने लगा। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरो पर खुशी देखी जा रही है। पिछले दो-तीन दिनों से तेज गर्मी व उमस से आमजन परेशान थे।

# कलेक्टर, आयुक्त सहित चार को एन.जी.टी. में पेश होने के आदेश

- कोठारी नदी के मूल स्वरूप को लौटाने, उसे अतिक्रमण एवं प्रदूषण मुक्त करने को लेकर दायर याचिका पर आदेश दिया

**भीलवाड़ा, (निस)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली के न्यायाधिपति सुधीर अग्रवाल एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉक्टर अफरोज अहमद की बेंच ने भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता नवीन आहूजा के मार्फत भीलवाड़ा स्थित कोठारी नदी के मूल स्वरूप को लौटाने, उसे अतिक्रमण एवं प्रदूषण मुक्त कर हरियालि युक्त बनाने को लेकर दायर याचिका पर आदेश पारित करते हुए प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, नगर परिषद आयुक्त भीलवाड़ा एवं राजस्थान शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मामले में रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जनवरी 2022 में कोठारी नदी की वस्तुस्थिति पेश करने हेतु एक कमेटी का गठन किया था जिसकी रिपोर्ट में उन्होंने कोठारी नदी को प्रदूषण एवं अतिक्रमण युक्त पाया था। उल्लेखनीय है कि कोठारी नदी के प्रदूषण को लेकर प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा नगर परिषद भीलवाड़ा पर तीन बार 63.80 लाख, 2.4 करोड़, 111.45 लाख का जुर्माना भी लगाया जा चुका है परंतु प्रदूषण नियंत्रण मंडल राशि वसूल नही कर पाया है।

# बिजली गिरने से एक की मौत

**कोटा, (निसं)।** आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति और 34 बकरियों की मौत हो गई। साथ ही सांगोद क्षेत्र में एक मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मामले के अनुसार जिले के कनवास थाना क्षेत्र में टोल्या गांव में राधेश्याम माली पर बिजली गिरने का मामला सामने आया। जिसे लोग अस्पताल भी लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया कनवास एसएचओ रमेश सिंह ने बताया कि कनवास थाना क्षेत्र के ही बरखेड़ा गांव के लोग अपनी बकरियों को चराने के लिए जंगल में लेकर गए थे। बरखेड़ा से करीब 5 किलोमीटर अंदर जंगल की तरफ यह बकरियां चर रही थी तभी तेज बारिश का क्रम शुरू हो गया। इनके साथ गए चरवाहे पर बारिश से बचने के लिए दूसरी जगह जाकर बैठ गए। इसी दौरान इन बकरियों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके चलते एक साथ ही 34 बकरियों की मौके पर मौत हो गई।

# महंगाई से बिगड़ा सब्जी व चाय का जायका

- पावटा में टमाटर 160 व अदरक 400 रुपए किलो तक पहुंची

**पावटा, (निसं)।** पावटा व आसपास की सब्जी मंडियों में इस बार सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण आम आदमी के लिए सब्जियां महंगी होना शुरू हो गई हैं।

महंगाई का ये आलम है कि टमाटर 160 रुपए किलो तथा अदरक 400 रुपए किलो व लहसुन 200 रुपए किलो, हरी मिर्च 80 रुपए किलो तक दाम बढ़ गए हैं। ऐसे में आम लोगों के साथ ही व्यापारी भी सब्जियां महंगी होने के कारण परेशान हैं। करीब दो हफ्ते में दूसरी बार अदरक व टमाटर के दाम 160-400 रुपए तक पहुंच गए हैं। लेकिन इन दिनों महंगाई की मार से कोई भी फल या सब्जी नहीं बच पाई है। वहीं सब्जी व चाय का जायका बनाने वाले टमाटर व अदरक की कीमत आसमान छू रहे हैं।

सब्जी व्यापारी देशराज, गिरधारी, सरदारमल, सुवालाल, सुरेश, लालाराम, हरफूल, सन्नी ने बताया कि कुछ ही दिन पहले अदरक 200 रुपए किलो बिक रहा था अब कीमत 400 रुपए किलो है। ऐसे में इन दिनों टमाटर, अदरक, लहसुन की कीमत आसमान छू रही है। सब्जी बेचने वालों का कहना है कि गर्मी और बारिश के चलते कीमतों में बढोतरी हुई है। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल के बढते दाम से भी ट्रांसपोर्टेशन भी महंगा हुआ है।

जिससे कई सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं सब्जी लेने वालों कि मजबूरी है कि खाना नहीं खाएंगे तो क्या करेंगे। उनका मानना है कि बढती महंगाई से उनके रसोई का बजट भी बिगड गया है। टमाटर, अदरक, लहसुन और मिर्ची के साथ-साथ बाकी सब्जियां भी महंगी हुई हैं जिससे हमारा बजट ही बिगड़ गया है। जून महीने से जुलाई महीने में सब्जियों के भाव लगभग डबल हो गए हैं।

# गैंगरेप का मामला दर्ज

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में गैंगरेप होने का मामला सामने आया है। किशनगढ़बास पुलिस सर्किल के डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल ने बताया कि पीड़ित विवाहिता ने अपने ही गांव के युवकों हितेश, कृष्ण, दिनेश, गोपाल व मनोज के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें उसने बताया है कि गत 24 जून की रात को वह अपने घर पर कमरे में अकेली सोई हुई थी कि गांव के रहने वाले रितेश, कृष्ण दिनेश, गोपाल, मनोज ने जबरन जबरन दुष्कर्म किया। जिसमें कृष्ण ने वीडियो बनाई और दिनेश, गोपाल व मनोज घर के बाहर खड़े रहे। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और वीडियो वायरल करने की भी चेतावनी दी जिससे शर्म व भय से उसने मामला दर्ज नहीं कराया। पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद भिवाड़ी जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देशन में पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराने के साथ जांच शुरू करते हुए दबिश दी जिसमें मुख्य आरोपी हितेश बावरिया को पकड़ लिया गया है जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

# वन विभाग में वृक्षारोपण सहित निर्माण कार्यों में धांधली का मामला सामने आया

## सोहेला वन क्षेत्र में बनी पुरानी दीवार को ही रंगरोगन कर नयी वॉल बता लाखों का भुगतान उठाया

**टोंक, (निसं)।** टोंक उपखण्ड के वन रेंज सोहेला में वृक्षारोपण सहित निर्माण कार्यों में जमकर धांधली करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहेला वन क्षेत्र में बनी पुरानी दीवार को ही रंगरोगन कर नयी वॉल बताकर लाखों रूपये के फर्जी भुगतान उटाये गये हैं।

सोहेला वन्य क्षेत्र में हर साल वन संरक्षण को लेकर प्लांटेशनों का निर्माण करवाया जाता है लेकिन वन अफसर नियमों को दरकिनार कर राशि का आहरण करते रहे हैं। ऐसी ही एक कहानी सोहेला वन नाका क्षेत्र वैष्णो देवी प्लांटेशन में भारी भ्रष्टाचार देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर के पास बनाए गए प्लांटेशन में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। उक्त प्लांटेशन पर कई बार प्लांटेशन बनाए जा चुके हैं जबकि अफसरों द्वारा बार-बार नाम बदलकर वैष्णो देवी प्लांटेशन बना दिया गया उक्त जगह पर जगह नहीं होते हुए भी सरकारी राशि का दुरुपयोग करने हेतु प्लांटेशन बना कर लाखों रुपए का भुगतान उठा लिया गया।



टोंक उपखण्ड के वन रेंज सोहेला में वृक्षारोपण सहित निर्माण कार्यों में जमकर धांधली करने का मामला सामने आया है।

जानकारी अनुसार करीब सन् 2010-11 एनएचआई द्वारा रोड को चौड़ा किया गया था। तब उक्त प्लांटेशन पर लूज पत्थरों की दिवार बनी हुई थी जो रोड छोड़कर बनाया गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा वापस उस जगह दीवार बनाई गई थी। उसी दीवार को भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा नई स्टोनवॉल बताकर कागजों में बनवा कर बिल वाउचर लगाकर लाखों रुपए का भुगतान उठा दिया गया। अधिकांश निर्माण कार्य सिर्फ कागजों पर खानापूर्ति करके सरकारी खजाने को लूटने का काम किया गया है। एक और जहां राजस्थान की गहलोत सरकार वनों को हरा-भरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तो वहीं जिले में बैठे वन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की छत्रछाया में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। जो एक विशेष जांच का विषय है। सिद्धार्थ प्रताप सिंह, मुख्य वन संरक्षक रेंज अजमेर का कहना है कि पुरानी स्टोनवॉल को नई बताकर भुगतान उठाने वाले दोषी वन कर्मचारियों पर कार्यवाही की जायेगी।

# अग्रवाल समाज ने मांगी राजनीतिक भागीदारी

## अग्र महाकुंभ में जुटे हजारों समाज बंधु



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं ऑल अग्रवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले रविवार को विद्याधर नगर में आयोजित महाकुंभ में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे।

**जयपुर**, (का.प्र.)। भविष्य की राजनीतिक और सामाजिक दिशा तय करने के लिए विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को अग्रवाल समाज ने राजनीतिक दलों के सामने अपनी मांगें रखी हैं। अग्रवाल समाज की मांग है कि अगले चुनावों में समाज के प्रतिनिधि को हर राजनीतिक दल से 20-20 टिकट दी जाएं। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं ऑल अग्रवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले हो रहे इस महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग जुटे।

महाकुंभ में पहुंचे तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश में अग्रसेन कल्याण बोर्ड का भी गठन होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत करूंगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि 10 करोड़ का अग्रवाल समाज व्यापारी के रूप में देश का खजाना भरता है। भारी-भरकम जीएसटी इकट्ठा कर दिया गया, लेकिन जीएसटी भरने वालों पर भी ईडी की कार्रवाई कर रही है। ये कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। छोटे व्यापारियों की दुकान में यदि कोई घटना हो जाए, आग लग जाए तो उसे मुआवजा मिलना चाहिए। अभी तो ये शुरुआत है, जयपुर के बाद आगरा, लखनऊ, हरियाणा, भोपाल में भी अग्रवाल महाकुंभ होगा।

गर्ग ने कहा कि हमने 2018 में व्यापारी कल्याण आयोग बनाने की मांग की, लेकिन यूपी, हरियाणा और राजस्थान सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड बना दिया। हमें बोर्ड नहीं, आयोग चाहिए। विधायक कालीचरण सर्राफ ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहला काम यदि कोई होगा तो व्यापारी कल्याण आयोग के गठन का होगा।

सर्राफ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनाने के आंदोलन की शुरुआत भी एक अग्रवाल अशोक सिंघल ने की थी। हमारे समाज के लोग राजनीति में कदम रखते हैं तो सबसे पहले हमारे घरवाले ही टांग खींचते हैं। राजनीति में यदि आप लोग रुचि नहीं लेंगे तो हमारे समाज की जैसी उपेक्षा हो रही है, वैसी होती रहेगी। हमारे बच्चों को आईएएस-आईपीएस बनाइए, तभी हमारे समाज की पकड़ मजबूत होगी। सर्राफ ने कहा कि सारे राजनीतिक दल वोटों के भिखारी हैं, जब उन्हें लगेगा कि अग्रवाल समाज में एकता आ गई है तो जितनी सीट आप चाहते हो, उतनी सीट मिलेगी। भाजपा-कांग्रेस ने अग्रवाल समाज को कई टिकट दिए, लेकिन कुछ ही जीते। लोगों को अपने समाज के प्रत्याशियों को जिताने के लिए भी मेहनत करनी होगी।

राजस्थान अग्रवाल महासभा की महिला अध्यक्ष शशि गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज देश की सेवा करने के लिए हमेशा आगे रहता है। जब भी देश को जरूरत होती है, तो समाज के भामाशाह आगे आते हैं, ऐसे में हम राजनीतिक भागीदारी में भी अपना हिस्सा क्यों नहीं मांग सकते। महाकुंभ में पूर्व सांसद संतोष बागड़ोदिया, विधायक सुरेश मोदी, प्रदेश कांग्रेस सचिव अजय अग्रवाल, पूर्व पार्षद कमलेश गोयल सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## लूट का हिसाब तो देना ही पड़ेगा : डॉ किरोड़ी

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बयान जारी करते हुए कहा कि राजेंद्र गुढ़ा ने बलात्कार के मामलों में राजस्थान के नंबर-1 होने का सच क्या बोला, मुखिया जी ने उन्हें बर्खास्त ही कर दिया। अब गुढ़ा कह रहे हैं कि जब ईडी ने छापा मारा था तो मुख्यमंत्री ने उन्हें धर्मेंद्र राठौड़ के यहां से लाल डायरी लाने के लिए कहा था, जिसे वे लेकर भी आए।

स्वयं को गांधीवादी कहने वाले मुख्यमंत्री को इस लाल डायरी की इतनी चिंता क्यों है? इसमें सरकार की काली कमाई के कौनसे कारनामे दर्ज हैं? कहीं प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं की मेहनत पर डाका डालने वालों की लूट का चिट्ठा तो नहीं? प्रदेश की जनता को इस लूट का हिसाब तो देना ही पड़ेगा।

## पन्या सैपट जमवारामगढ़ से लड़ेंगे विधानसभा सभा चुनाव

**जयपुर**। राज्य के आगामी विधानसभा सभा चुनाव में इस बार जमवारामगढ़ से पन्या सैपट ने चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने जमवारामगढ़ बांध को पुनः जलयुक्त करने के इरादे से वहां की प्रमुख बाण गंगा नदी के दोनों ओर सघन वृक्षारोपण कर बांध में पानी की आवक में आ रही रुकावटों को दूर कर जयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थल में शामिल करना प्राथमिकता है। जमवारामगढ़ में पांच औद्योगिक क्षेत्र विकसित करना। प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करना भी उनकी चुनावी घोषणा का प्रमुख हिस्सा होगा। पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में लघु उद्योगों की स्थापना करना जिससे युवा शक्ति को रोजगार के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़े।

# आखिर क्या है लाल डायरी का बड़ा खुलासा?

## गुढ़ा का दावा, ''मैं लाल डायरी नहीं लाता, तो मुख्यमंत्री जेल में होते''

- **'धर्मेंद्र राठौड़ के रेड पड़ी थी, तब मुख्यमंत्री के कहने पर सीआरपीएफ के जवानों- ईडी के बीच से 9वीं मंजिल पर जाकर डायरी लाया था'**
- **इधर रंधावा बोले, ''खुलासा पहले क्यों नहीं किया, जो मन में रखता है, तो सेहत खराब हो जाती है''**

**जयपुर**, (का.प्र.)। मंत्री पद से बर्खास्त होने के बाद राजेंद्र सिंह गुढ़ा के तेवर लगातार तल्ख होते जा रहे हैं और अब उन्होंने एक लाल डायरी का जिक्र छेड़ दिया है जिसको लेकर वह उत्साह में तो नहीं बोल रहे हैं लेकिन यह जरूर कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री के कहने पर मैं सीआरपीएफ के जवानों और ईडी के बीच में से 9वीं मंजिल से वह डायरी लेकर आया था। आखिरकार उस डायरी में क्या था इस राज को लेकर अभी तक गुढ़ा गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के बाद राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने रविवार को झुंझुनूं के उदयपुरवाटी इलाके में आयोजित एक समारोह में कहा कि वह सच बोलना नहीं छोड़ सकते, इसके लिए उन्हें कितनी भी बड़ी कुर्बानी देनी पड़े। गुढ़ा ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा कहते हैं कि मैं राजेंद्र राठौड़ से मिला हुआ हूं। अरे हम मिले तो तकलीफ है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे मिले तो कोई दिक्कत नहीं है।

इसी दौरान लाल डायरी का जिक्र करते हुए राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे बुलाकर कहा कि यह लाल डायरी भी लानी जरूरी है और धर्मेंद्र राठौड़ के घर जब रेड हो रही थी तो मैं डेढ़ सौ सीआरपीएफ के जवान और उनके बीच से नवमी मंजिल पर जाकर के लाल डायरी लेकर आया। अगर मैं लाल डायरी नहीं लाता, तो मुख्यमंत्री आज जेल में होते। राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि मैं जब लाल डायरी लेकर आया तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह कहा कि बहुत बड़ा काम किया है, वह वाकई तारीफ के काबिल है और तुम्हें तो हॉलीवुड में होना चाहिए। इधर राजेंद्र गुढ़ा की ओर से बड़ा खुलासा किए जाने की बात को लेकर राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि बड़ा खुलासा करने का सवाल है तो वह खुलासा आज तक क्यों नहीं किया? खुलासा कर देना चाहिए, मन में नहीं रखना चाहिए। जो मन में बात रखता है वह सेहत के लिए भी खराब होती है। कांग्रेस पार्टी बीजेपी जैसी नहीं है कि किसी को बोलने ही नहीं दे। कांग्रेस में रहकर पार्टी प्लेटफार्म पर राजेंद्रजी को भी चाहिए था कि सीएम के साथ बात करते। उन्हें पहले सीएम से बात कहनी चाहिए थी। सीएम नहीं सुनते तो मुझसे कहते। मुझसे आकर बात करते। अगर मैं बात नहीं करता तो फिर वह असेंबली में बोलते, वॉर रूम के बाहर खड़े होकर बोलना चाहिए था।

रंधावा ने कहा कि मणिपुर जैसी शर्मनाक घटना पर उनका रुख पार्टी के स्टैंड के खिलाफ था। ऐसे गंभीर मुद्दे पर अगर मंत्री उठ कर यह कहे कि मणिपुर की जगह सरकार गिरेबां में झांके तो उस पर एक्शन लेना ही था। मणिपुर की घटना पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी के स्टैंड के खिलाफ बात की। दूसरी-तीसरी पार्टी से जो आए हैं वे ही यह बात कह सकते हैं। कांग्रेसी ऐसी बात नहीं करता जो देश के हित में ना हो। जिस घटना से पूरा देश शर्मसार हो रहा हो उस बात पर कोई मंत्री उसे डायवर्ट करने का प्रयास करे तो सहन नहीं किया जा सकता।

बसपा से कांग्रेस में आए बाकी विधायकों के गुढ़ा के साथ जाने के सवाल पर प्रभारी रंधावा ने कहा कि बसपा से आने वाले सभी विधायक कांग्रेस के विधायक हैं। मैं नहीं समझता कि एक आदमी ऐसी बात करता है तो बाकी उसके पीछे जाएंगे। बिल्कुल ऐसा नहीं करेंगे। बसपा मूल के विधायक मुझसे मिलते हैं, अपनी डिमांड रखते हैं, कांग्रेस की बात करते हैं। दो दिन पहले ही कुछ विधायक मुझसे मिलकर गए थे। सभी मेरे संपर्क में हैं और कांग्रेस के साथ हैं।

# समान नागरिक संहिता के लिए हुआ पैदल मार्च

**जयपुर**। देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की मांग को लेकर अब जयपुर में भी आवाज बुलन्द की गई है। राजधानी में युवा शक्ति मंच ने समान नागरिक संहिता को समर्थन देने के लिए जनसमर्थन जुटाने के लिए हजारों युवाओं को साथ लेकर परकोटा क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान शहर के युवा जोश से लबरेज नजर आए और एक देश एक कानून के नारों से आकाश गुंजायमान कर दिया। चौगान स्टेडियम से शुरू हुआ यह पदमार्च छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, चौड़ा रास्ता होते हुए न्यूगेट पर रामलीला मैदान पर आकर समाप्त हुआ।

पैदलचार्च के दौरान कानून तथा व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान पुलिस के उच्चाधिकारी भी युवाओं के साथ चलते दिखाई दिए। पदमार्च में केसरिया पहने युवा जय श्री राम के नारे लगाते रहे। वहीं पदमार्च का कई स्थानों पर स्वागत भी हुआ और सड़क पर भी फूल बिछाए गए। पदमार्च के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि दुनिया के सभी देशों में सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून है लेकिन भारत देश ही ऐसा है जहां दो कानून है। यहां क्रिमिनल और सिविल कानून लागू है और क्रिमिनल कानून में तो सब बराबर है लेकिन सिविल कानून में अलग-अलग वर्गों को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की बात की थी। समान नागरिक संहिता के लिए लंबे समय से हिंदू संगठन मांग कर थे। वहीं मंच के प्रदेश महामंत्री गौरीशंकर ने कहा कि देश में एक विधान, एक संविधान और एक कानून होना चाहिए। इसके लिए समान नागरिक संहिता जरूरी है और कई संगठन इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# कालवाड़ रोड पर रेस्टोरेंट मालिक की हत्या कर फरार हुए दो कर्मचारी

## खाना बनाने की बात पर हुई थी रेस्तरां मालिक व वर्कर्स के बीच कहासुनी

-कार्यालय संवाददाता-

- **आरोपियों ने हॉकी-पलटे से रेस्टोरेंट मालिक का सिर फोड़ा, जबड़ा तोड़ा; फिर दुकान का शटर बंद कर भाग छूटे**
- **पडौसी ने अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी, तब पूरा मामला उजागर हुआ**

**जयपुर**। कालवाड़ इलाके में शनिवार रात एक रेस्टोरेंट मालिक की दो कर्मचारी भाइयों ने हत्या कर दी। खाना बनाने की बात को लेकर रेस्टोरेंट मालिक और दो वर्कर के बीच कहासुनी हुई थी। झगड़े में गुस्साए भाइयों ने हॉकी और पलटे से ताबड़तोड़ वार कर रेस्टोरेंट मालिक का सिर फोड़ दिया, जबड़ा भी तोड़ दिया। इसके बाद बदमाश रेस्टोरेंट मालिक को मरा हुआ समझकर दुकान का शटर बाहर से लॉक कर फरार हो गए। पडौसियों की सूचना पर पहुंची कालवाड़ थाना पुलिस ने एस.एम.एस. हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाने के साथ ही हत्या कर भागे दोनों वर्कर भाइयों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि नागौर निवासी रिटायर्ड फौजी हमीर सिंह (45) का मर्डर हुआ है। वह करणी विहार में परिवार के साथ रहकर कालवाड़ रोड माचवा में न्यू भवानी नाम से रेस्टोरेंट चलाता था। हमीर के रेस्टोरेंट में उत्तर प्रदेश निवासी दो भाई सुनील और बबलू काम करते थे। शनिवार रात को खाना बनाने की बात को लेकर दोनों भाइयों से रेस्तरा मालिक हमीर सिंह की कहासुनी हो गई। रेस्टोरेंट में खाना खाने आए कस्टमर्स को देखकर एक बार कहासुनी खत्म हो गई। ग्राहकों के जाने के बाद रात करीब 11 बजे रेस्टोरेंट का शटर बंद कर दोनों भाइयों ने हॉकी और पलटे से हमीर सिंह पर हमला कर दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ वार कर हमीर सिंह का सिर फोड़ दिया और जबड़ा तोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि रात करीब 11 बजे रेस्टोरेंट बंद होने के बाद मालिक हमीर सिंह अपने घर चले जाते थे। दोनों वर्कर रेस्टोरेंट के अंदर ही सोते थे। रात को झगड़ा होने पर बर्तन गिरने की आवाज सुनकर पडौसी ने रेस्टोरेंट का शटर खटखटा कर पूछा। अंदर से कर्मचारी ने चिल्लाकर जवाब दिया। हम दोनों भाई लड़ें-झगड़े, तुझे क्या करना है। करीब 12:45 बजे दोनों भाई रेस्टोरेंट का शटर बाहर से लॉक कर चले गए। जिन्हें जाते देखकर पडौसी ने रेस्टोरेंट मालिक को बताने के लिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कॉल नहीं उठाने पर देखा तो मालिक हमीर सिंह की कार भी बाहर खड़ी थी। अनहोनी की आशंका पर पडौसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया। इसी दौरान गश्त कर रही पीसीआर को रोककर घटना के बारे में बताया।

शटर का लॉक तोड़कर अंदर घुसे पुलिसकर्मियों को हमीर सिंह लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस ने गंभीर हालत में उसे तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। रविवार सुबह इलाज के दौरान हमीर सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने सिटी एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए हैं। पुलिस को हत्या में यूज में ली गई हॉकी और पलटा भी मौके से मिल गया है।

जांच में सामने आया है कि हमीर सिंह पिछले करीब 3-4 साल से रेस्टोरेंट चला रहा था। उसके रेस्टोरेंट पर सुनील काम करता था। उसने ही 4-5 दिन पहले अपने भाई बबलू को रेस्टोरेंट पर काम करने के लिए बुलाया था। पुलिस हत्या कर भागे दोनों वर्कर भाइयों की तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि मृतक हमीर सिंह वर्ष 2016 में आर्मी से रिटायर हुआ था। हमीर के परिवार में पत्नी नीतू कंवर (35), बेटा कुलदीप (17) और बेटी नेनसा (2) है। नीतू हमीर की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। नीतू से ही बेटी नेनसा है। बेटा कुलदीप 11वीं क्लास में पढ़ता है।

# भाजपा-कांग्रेस में प्रदेश से बाहर का प्रत्याशी बर्दाश्त नहीं : धाभाई

## विधानसभा चुनाव से पहले अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने दोनों राजनैतिक दलों को चेतावनी दी



अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से रविवार को जयपुर की निम्स यूनिवर्सिटी में युवा संवाद व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

- **जो राजनीतिक दल हमारा ध्यान रखेगा, हम उनका ध्यान रखेंगे : बच्चू सिंह**

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से रविवार को जयपुर की निम्स यूनिवर्सिटी में युवा संवाद व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने कहा कि गुर्जर समाज के हितों की लडाई महासभा पूरी ताक़त के साथ लड़ रही है और गुर्जर समाज के विकास के लिये हर संभव क़दम उठायेगी। आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में राजस्थान से बाहर के प्रत्याशी को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

राष्ट्रीय संगठन महासचिव बच्चू सिंह बैंसला ने कहा कि जो भी राजनीतिक दल हमारे समाज का ध्यान रखेगा, समाज उसका ध्यान रखेगा। गुर्जर समाज की लम्बित बैकलोक की भर्ती को समय रहते हुए राजस्थान सरकार पूरा करे।

महिला अध्यक्ष कामिनी गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के मूल निवासियों को राष्ट्रीय राजनीतिक दल संगठन व टिकट वितरण में विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक अवसर दे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बच्चू सिंह बैंसला, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कामिनी गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष महिला मनीषा गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष सामूहिक समिति विवाह रामस्वरूप सराधना, महामंत्री रामअवतार बडिया, राष्ट्रीय सचिव हिमांशु गुर्जर, डॉक्टर पंकज सिंह निदेशक निम्स, जयपुर ग्रामीण की कार्यकारिणी एवं अनेक समाज बंधुओं ने भाग लिया।

## 'आपका नेटवर्क ही आपकी नेटवर्थ'

**जयपुर**, (का.सं.)। अपने ब्रांड के लिए नये विकल्प ढूँढना केवल आपके ग्राहक संबंधों तक रिजर्व नहीं है। यदि आप इसे सही तरीके से कर रहे हैं, तो अपना नेटवर्क बनाना भी आपके व्यवसाय और राजस्व को आगे बढ़ाने में जरुरी है। आज जयपुर में टोंक रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित 'व्यापारी 2 सीईओ रिट्रीट' कार्यक्रम में बिजनेस एवं लीडरशिप कोच राहुल मालोदिया ने कहा कि आपका नेटवर्क ही आपकी नेटवर्थ है। गुरुवार को शुरू हुए इस चार दिवसीय कार्यक्रम सफल रहा जिसमें राहुल मालोदिया ने देश भर से आये उद्यमियों को संपूर्ण, संतुलित विकास, सेल्स स्ट्रेटजी, मार्केटिंग और फाइनेंस कैसै संभाले और छोटे-छोटे बदलावों के साथ अपके कारोबार की ग्रोथ कैसे होगी जैसे नॉलेज सेशन लिये। उन्होंने आगे कहा कि एक उद्यमी के रूप में, जब आप अपने शहरों में होते हैं।

# 'सांगानेर क्रिकेट लीग' में 111 मैचों के साथ पूरा हुआ पहला राउंड : लाहोटी

## 'प्रत्येक ग्राउंड पर सुबह राष्ट्रगान के साथ हो रही है मैचों की शुरूआत'

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर विधायक व जयपुर के पूर्व महापौर डॉ. अशोक लाहोटी ने बताया कि सांगानेर विधानसभा के प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए चल रही ''सांगानेर क्रिकेट लीग'' में 111 मैचों के साथ पहला राउंड पूरा हो चुका है। इस लीग में 221 टीमों के निःशुल्क रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जिसमें 3200 से भी ज्यादा प्रतिभावान खिलाड़ियों को लीग में खेलने का मौका मिला।

उन्होंने बताया कि 'सांगानेर क्रिकेट लीग' 5 अलग-अलग क्रिकेट ग्रांउडों पर 16 जुलाई सुबह से चल रही है। यह टूर्नामेंट के.एल.सैनी, शिकारपुरा, प्रताप नगर, रयान एकेडमी, फन किंगडम क्रिकेट ग्राउण्ड पर चल रहे है। टूर्नामेंट डे-नाईट मैंचों का आयोजन बेहद ही रोमांचक और शानदार रहा। प्रथम राउण्ड में एक टीम ने सबसे अधिक 174 रन बनाये, वही एक टीम ने सबसे कम 27 रन बनाये। दो खिलाड़ियों ने तीन बॉलो पर लगातार 3 छक्के लगाकर छक्कों की हेट्रिक बनाई तथा 3 खिलाड़ियों ने चौकों की हैट्रिक बनाई। एक मैच में लगातार तीन खिलाड़ियों को आउट कर, आउट हैट्रिक खिलाड़ी ने अपने नाम दर्ज कराई। एक मैच में पूरी टीम ऑल आउट भी हुई है, तो वही सबसे कम 1 विकेट लिया गया। वहीं एक खिलाड़ी ने एक पारी में 28 बॉलो पर 10 छक्के मारकर अपना रिकॉर्ड बनाया। इसी प्रकार अन्य एक मैच में एक खिलाडी ने 33 गैंदों पर 8 छक्के व 11 चौके की मदद से 100 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया।

मैच के दौरान एक टीम में पिता-पुत्र की जोड़ी भी खेली, पुत्र की बॉलिंग से पिता आउट हुए, वही दो टीमों में पिता-पुत्र साथ-साथ भी खेले। रोमांचक मैच के मुकाबले में टीमो के बीच सुपर ऑवर के मैच भी हुए। वहीं कई मैचो में सगे भाई भी साथ-साथ व आमने-सामने टीमो में खेले, एक दुसरे को आउट कर क्रिकेट लवर एवं दर्शकों का रोमांच बढ़ाया। बारिश के कारण बीच में रोके गये मैचो में ज्यादा गैंदों पर कम रनों की आवश्यकता होने पर डी.एल.एस के तहत निर्णय लेकर उन टीमों को विजेता घोषित किया गया। क्रिकेट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरूस्कार व नगद इनाम भी दिये गये।

## 11वीं क्लास की छात्रा से छेड़छाड़

**जयपुर**। विश्वकर्मा इलाके में 11वीं क्लास की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। रास्ते में पीछा कर अश्लील कमेंट कर चार लड़कों ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर युवती के भाई के साथ जमकर मारपीट की। विश्वकर्मा थाने में पीड़िता की मां ने एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि उनकी 14 साल की बेटी 11वीं क्लास में पढ़ती है। स्कूल-ट्यूशन आते-जाते समय नाबालिग स्कूल छात्रा का चार लडके पीछा कर छेड़छाड़ करते है, बीच रास्ते में अश्लील कमेंट कर हाथ पकड़ लेते है।

# मुहाना थाने में हिस्ट्रीशीटर ने फंदा लगाकर जान दी

**जयपुर**। मुहाना थाने में बंद एक कैदी ने रविवार को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी साउथ योगेश गोयल और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान (40) खानवा निवाई निवासी ललित बैरवा के रूप में हुई हैं। ललित को पुलिस ने चोरी के मामले में 20 तारीख को गिरफ्तार किया था जिसे बाद में कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया था।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि मृतक को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ चल रही थी। आज दोपहर मृतक ने कम्बल को काट कर फंदा बनाया। फिर बाथरूम की खिड़की पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक संतरी को ललित नहीं दिखाई दिया। उसने बैरक खोली तो देखा ललित ने फंदा लगाकर आत्महत्या की हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। जिनकी मौजूदगी में फंदे से मृतक को नीचे उतारा गया। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतक के परिजनों के आने पर शव को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व सांसद कस्वां ने जसरासर में सड़क का शिलान्यास किया



गांव जसरासर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत बनने वाली जसरासर से नाकरासर, जासासर व धीरासर सड़क का शिलान्यास नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व सांसद राहुल कस्वां ने समारोहपूर्वक किया।

■ भाजपा के शासन में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ : राठौड़

**चूरू, (कासं)।** गांव जसरासर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत 1098.70 लाख की लागत से बनने वाली जसरासर से नाकरासर, जासासर व धीरासर सड़क का शिलान्यास नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व सांसद राहुल कस्वां ने रविवार को किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भाजपा है। भाजपा के शासनकाल में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से ही प्रदेश में विकास रूक गया है। उन्होंने ग्रामीण विकास की बात करते हुये कहा कि जब उनके पास ग्रामीण विकास मंत्रालय था, उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास किया गया था। परंतु अब ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का काम देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में प्रदेश की ग्रामीण जनता कांग्रेस को सबक सिखायेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में ग्रामीण क्षेत्रों को केन्द्र बिंदु में रखकर विकास कार्य करवाये जाते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की चर्चा करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण विकास के लिये कृत संकल्पित हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुये कहा कि आने वाले समय में जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बन जायेगी तब प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल अपनी कुर्सी को बचाने में लगी हुई है।

उन्हें विकास से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कई विकास कार्य किये जा रहे हैं, परन्तु प्रदेश सरकार की नाकामी के कारण उन विकास कार्यों का लाभ प्रदेश की जनता को नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, प्रधान दीपचन्द राहड़, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जसरासर सरपंच रीना कंवर, नाकरासर सरपंच मीरा देवी, जासासर सरपंच संदीप वर्मा, बीनासर मण्डल अध्यक्ष विद्याधर शर्मा, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चंचल सोनी, पूर्व सरपंच जेपी सहारण, सरपंच प्रतिनिधि शिवसिंह, बलवीर सिंह, उम्मेद सिंह सहित बड़ी संख्या में जासासर, नाकरासर व धीरासर के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सात सांसदों को पत्र लिखकर क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विकास करवाने की मांग



अनिल खटेड़

■ पत्र में की नई ट्रेनें शुरू करवाने तथा ट्रेनों का विस्तार करवाने और फेरे बढ़वाने की मांग

**सुजानगढ़, (निसं)।** कोलकाता प्रवासी, लाडनूं निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार खटेड ने चूरू सांसद राहूल कस्वा, नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, राजसंमद सांसद दीया कुमारी, बीकानेर सांसद व जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अर्जुनराम मेघवाल, जोधपुर सांसद व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह, राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, भिवानी सांसद धर्मवीर को पत्र प्रेषित कर क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विकास करवाने की मांग की है।

सांसदों को लिखे पत्र में खटेड ने बताया है कि जोधपुर, मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, महेन्द्रगढ, रेवाडी एवं दिल्ली सेक्शन का अधिकांश भाग आपके संसदीय क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र में नई ट्रैनों व ट्रैनों के विस्तार की मांग विगत 5-6 सालों से पेंडिग है, जिसे पूरा करवा कर क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विकास करावें। रेल सुविधाओं का विकास होने से क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यटन का विकास भी होगा।

पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता ने गोरखपुर से जोधपुर वाया मेडता डेगाना लाडनूं रतनगढ सादुलपुर लोहारू रेवाडी, जोधपुर से हरिद्वार ऊपर वाला रूट, ट्रेन संख्या 2०973/2०974 अजमेर रामेश्वरम का विस्तार हनुमानगढ भटिंडा तक वाया फूलएरआ डेगाना लाडनूं रतनगढ सादुलपुर होकर, बीकानेर रतनगढ सुजानगढ लाडनूं डीडवाना छोटी खाटू डेगाना मेडता रोड नागौर नोखा होकर बीकानेर सर्कुलर ट्रेन, श्रीगंगानगर हनुमानगढ हिसार से बंगलोर ट्रेन वाया सादुलपुर रतनगढ सुजानगढ लाडनूं डेगाना जोधपुर होकर, ट्रेन संख्या 15657/15658 ब्रह्मपुत्र मेल का विस्तार जोधपुर तक वाया रेवाडी महेंद्रगढ लोहारू सादुलपुर रतनगढ लाडनूं डेगाना होकर, ट्रेन संख्या 19०27/19०28 बांद्रा जम्मू तवी, ट्रेन संख्या 22915/22916 बांद्रा हिसार, ट्रेन संख्या 15623/15624 कामख्या भगत की कोठी , ट्रेन संख्या 12323/12324 बाडमेर हावडा इन सभी के फेरों में वृद्धि, नोखा से सीकर नई रेल लाइन वाया बीदासर सुजानगढ लाडनूं सालासर की वित्तीय स्वीकृति या पुनः सर्वे के आदेश करवाने की मांग की है।

# खोजवास में दी केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की बुकलेट भी वितरित की।

**नवलगढ़, (निसं)।** भाजपा नेता विक्रम सिंह जाखल का रविवार सुबह गांव खोजवास में ग्रमवासियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

गांव के मुख्य चौक में आयोजित हुई सभा को संबोधित करते हुए विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ क्षेत्र में बदलाव होना जरुरी है। यह जनता की मांग है। साथ ही हम सब एकजुट होकर ये बदलाव ला सकते है। उन्होंने मोदी सरकार के द्वारा 9 वर्षो में हुए कार्यों की भी चर्चा की। सभा में ठाामवासियो द्वारा उठाए गए पानी की समस्या पर उन्होंने कहा मोदी सरकार हर घर जल मिशन के माधयम से घर घर जल पंहुचा रही है। साथ ही उन्होंने नवलगढ़ में चल रहे भ्रष्टाचार पर सीधा निशाना साधा और कहा गत दिनों लोहर्गल धाम में पवित्र सावन मास के दौरान चल रहे कार्यक्रम को लेकर व्यस्थित रूप से पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई। साथ ही यहां ईमानदारी एवं आमजन की समस्याओं को हल करने वाले अधिकारियों को निलंबित करवा दिया जाता है।

भाजपा नेता विक्रम सिंह जाखल ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार साथ ही किसानों को दिए जा रहे कर्जमाफी के नाम पर धोखे की बात को उठाया। उन्होंने भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की बुकलेट भी वितरित की एवं सभी को चल रहे भाजपा सरकार के कार्यक्रमों से अवगत करवाया। उन्होंने बोलते हुए भाजपा के चल रहे अब नहीं सहेगा राजस्थान ये भ्रष्ट सरकार का भी नारा दिया। इस दौरान लोहर्गल सरपंच जगमोहन सिंह, पूर्व सरपंच रवि कैरू, सुलतान सुंडा उप सरपंच खोजावास, बाबूलाल सैनी चिराना, विकास अधिकारी कैरु, श्रवण नेहरा, रामलाल सुंडा, फूल सुंडा, करणराम सुंडा, बलबीर सुंडा, जगदीश सुंडा, पालाराम सुंडा, फूल नेहरा, भागीरथ मूंड, गणपतराम ढाका, श्रीराम ढाका, सांवराराम सुंडा, चूनाराम नेहरा, ओमेंद्रसिंह, बलबीरसिंह, टीकमसिंह, मुकेश सुंडा, अनिल सुंडा, संजय सुंडा, बलबीर सुंडा, विनोद ढाका सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पीपल्स ग्रीन पार्टी ने 'हिसाब दो आंदोलन' शुरू किया

**चूरू, (कासं)।** पीपल्स ग्रीन पार्टी ने हिसाब दो आंदोलन शुरू किया है। गत दिवस विभिन्न क्षेत्रों में विधायकों को ज्ञापन सौंपकर पीपल्स ग्रीन पार्टी ने जयपुर से हिसाब दो आंदोलन की शुरुआत की। आंदोलन के तहत पीपल्स ग्रीन पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम जनता के टैक्स के पैसे के हिसाब के लिए विधायकों को ज्ञापन दिए तथा उनसे टैक्स के पैसे का हिसाब मांगा। आंदोलन के तहत बगरू विधायक गंगा देवी व आदर्श नगर विधायक रफीक खान को ज्ञापन दिया। दोनों ही उत्तर देने में असमर्थ रहे। यहां पीपल्स ग्रीन पार्टी के प्रदेश सचिव शुभम परवाल ने बताया कि इसी प्रकार आने वाले समय में पीपल्स ग्रीन पार्टी हिसाब दो आंदोलन को अनवरत जारी रखेगी तथा सभी 200 विधायकों से हिसाब मांगा जायेगा। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एड. कपिल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष पं. मुकेश, सिविल लाइंस प्रभारी कमरूदीन अली, बगरू प्रभारी जाकिर खान, युवा नेता नारायण प्रजापत सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी सदस्य राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इसी कड़ी में मंडावा विधायक रीटा चौधरी से भी हिसाब मांगा जाएगा।

# राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने पर जैन समाज ने आभार जताया



राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने विधायक मेघवाल का स्वागत करते जैन समाज के लोग।

**सुजानगढ़, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन करने पर श्री दिगम्बर जैन समाज ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

जैन समाज के अध्यक्ष सुनील सडूवाला के नेतृत्व में मंत्री पारसमल बगडा, डॉ. सरोज कुमार छाबडा, महावीर पाटनी, विनीत बगडा, वीरेन्द्र पाटनी, नीलम कुमार गंगवाल ने जय निवास पंहूच कर विधायक मनोज मेघवाल का गुलदस्ता, शॉल एवं माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जैन समाज ने बोर्ड के गठन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा का आभार व्यक्त किया। विधायक मनोज मेघवाल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बोर्ड के गठन से ऐतिहासिक कला एवं सौंदर्य से परिपूर्ण जैन मंदिरों की सुरक्षा, साधु संतो की सुरक्षा एवं अहिंसा के मार्ग पर चलते रहने की सद्प्रेरणा का सेतु जैन समाज एवं सरकार के मध्य क्रियान्वित होगा।

समाज के मंत्री पारसमल बगडा ने कहा कि श्रमण संस्कृति बोर्ड गठित होने से तीर्थ क्षेत्रों एवं शैक्षणिक संस्थाओं आदि के प्रबंधन में आसानी रहेगी। मीडिया प्रभारी महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया की राजस्थान सरकार की यह पहल भविष्य में समाज के विकास में महती भूमिका निभाएगी। डॉ. सरोज कुमार छाबडा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राजस्थान के समस्त जैन समाज को बधाई दी। इस अवसर पर नगर परिषद के उपसभापति अमित मारोठिया, सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामोतार मंगलहारा, बजरंग सैन, चेनरूप गुर्जर भी उपस्थित थे।

# जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने वृक्षारोपण किया

**चूरू, (कासं.)।** प्रकृति वंदन वृक्षारोपण अभियान के तहत अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू ने महावीर नगर चूरू में वृक्षारोपण किया। इस अवसर राष्ट्रीय उप प्रधान भंवरलाल जांगिड़ ने कहा कि विश्व में प्रकृति की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। भारतीय संस्कृति हमें प्रकृति पूजन की शिक्षा देती है। हमारे संस्कारों में हमें वृक्षों का पूजन सिखाया जाता है। भारतीय संस्कृति में जन्म से मृत्यु पर्यंत वृक्षों का धार्मिक और सामाजिक महत्व है। जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान का श्रीगणेश किया है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हमें चूरू जैसे शुष्क प्रदेश में हरियाली दिखाई देगी। इस अवसर पर नीरज जांगिड़ ने बताया कि पिछले कई दिनों से वह और उनके साथी अनेक स्थानों पर लगातार वृक्षारोपण कर रहे हैं, उनके संरक्षण का उपाय भी किया जा रहा है। यहां प्रदेश मंत्री विश्वनाथ जांगिड़, जिला महामंत्री बुद्धमल जांगिड़, जिला उपाध्यक्ष हरिकिशन जांगिड़, जिला युवा अध्यक्ष मनीष कुमार, भंवरलाल चोयल, कार्तिक कुमार, लोकेश कुमार, नरेश जांगिड़, गुलजार जांगिड़ राकेश कुमार राजकुमार आदि उपस्थित थे।

# चालक-परिचालक से मारपीट का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** एक बस के कन्डेक्टर ने बोलेरो में सवार होकर आये आरोपियों के खिलाफ बस चालक व परिचालक के साथ मारपीट कर जाति सूचक गालिया निकालने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया है। राजगढ थाने में हरिकिशन खटिक निवासी जिला चूरू ने मामला दर्ज करवाया है कि वह बस में कन्डेकटर करता है। आरोप है कि 21 जुलाई को करीब 9 बजे से गुलपुरा मोड पर आरोपी अशोक पुत्र विजय पूनिया ने बस को रूकवाया तथा बिना किसी कारण के बस से रूकवाकर उसे व बस के ड्राईवर दिनेश को निचे उतारकर लाठी व डंडो से मारपीट करने लगे व बस का साईड गलास तोड दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर गाली गलोच की और उनके पास एक बोलेरो गाडी थी। मारपीट के दौरान बस में बैठी सवारियों ने उनको दकाला तो वो सभी छोडकर भाग गये तथा सभी ने जाति सूचक गालिया दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# जनसुनवाई में भोपा-जोगी समाज ने की पानी-बिजली कनेक्शन देने की मांग



सुजानगढ़ में जनसुनवाई करते विधायक मनोज मेघवाल।

■ क्षेत्र के चाडवास, गुंदूसर सहित अनेक गांवों से ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली सहित अनेक समस्याओं से विधायक को अवगत करवया

**सुजानगढ़, (निसं)।** विधायक मनोज मेघवाल ने अपने आवास पर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करने के साथ ही जनसुनवाई की। क्षेत्र के चाडवास, गुंदूसर सहित अनेक गांवों से ग्रामीणों ने सडक, पानी, बिजली सहित अनेक समस्याओं से विधायक को अवगत करवाते हुए उनके समाधान की मांग की। जिस पर विधायक ने उन्हे उचित कार्यवाही करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय भांतू सांसी समाज विकास संघ के युवा प्रदेशाध्यक्ष महेश सांसी के नेतृत्व में ठरडा में बसे भोपा, जोगी समाज के लोगों ने विधायक से मुलाकात कर पानी-बिजली के कनेक्शन करवाने की मांग की। विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि 50-60 वर्षों से अधिक समय पहले उनके पूर्वजों ने ठरडा में बसावट की थी और आज वे सभी वहां पर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उनके पास सरकार द्वारा जारी सभी दस्तावेज उपलब्ध है, लेकिन करीब चार सौ सदस्यों की बस्ती में पानी-बिजली की सुविधा नहीं है। ज्ञापन सौंपने वालों में शेरनाथ, बाबूलाल, लिछुराम, रामूनाथ, जगदीश, मूलनाथ, भगवाननाथ, बनवारीनाथ सहित जोगी-भोपा समाज के अनेक लोग शामिल थे।

# टक्कर मारने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव न्यांगली से पहले एक मोटरसाईकिल चालक को एक वाहन के चालक द्वारा मोटरसाईकिल को टक्कर मारकर दुघर्टना कारित कर मोटसाईकिल चालक को गंभीर घायल करने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण में पवन कुमार प्रजापत निवासी ददरेवा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 19 जुलाई को वह राजगढ से मोटसाईकिल पर सवार होकर ददरेवा जा रहा था। तो वक्त करीबन रात्रि गाँव न्यांगली से पहले वाहन चालक ने अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही से चलाकर मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी, जिससे पवन कुमार के काफी चोटे लगी। जिसको पीछे-पीछे आ रहे रमेश सिंह न्यांगली ने संभाला व एम्बुलेंस को बुलाया तथा उसे श्रीनाथ जी हॉस्पीटल में भर्ती करवाया। जहां से रेफर करने पर पीबीएम अस्ताल बीकानेर में भर्ती करवाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है तथा हालात सीरीयस है।

# कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के रूप में मनाया स्थापना दिवस



सुजानगढ़ में कम्प्यूटर सेंटर के स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता का सम्मान करते अतिथिगण।

**सुजानगढ़, (निसं)।** नथमल जानकी लाल खेतान कंप्यूटर सेंटर का स्थापना दिवस कंप्यूटर साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया। समाजसेवी पवन तोदी के मुख्य आतिथ्य एवं व्यवस्थापक विजय कुमार खेतान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माणकचंद सराफ, ओमप्रकाश तूनवाल, विक्रमसिंह चोबदार थे। मां सरस्वती की पूजा के पश्चात अतिथियों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

मुख्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक कपिल देव माटा ने केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ओमप्रकाश तूनवाल ने कंप्यूटर शिक्षा के लिए खेतान परिवार का आभार व्यक्त किया। कैलेंडर मैन पवन तोदी ने कैलेण्डर के संबंध में नई जानकारियां दी और खेतान परिवार द्वारा चलाए जाने वाले कंप्यूटर शिक्षा के बडे प्रोजेक्ट पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए गए। व्यवस्थापक विजय कुमार खेतान ने अतिथियों को अभिनन्दन पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।

इस दौरान एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विनीत पारीक, भरत शर्मा, दीपक सोनी तीनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व देवेश शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्मल शर्मा, गौतम सांखला भी मंचासीन थे। संस्थान के प्रशिक्षक कपिल देव माटा व शुभम जांगिड ने स्थानीय व्यवस्थापक विजय खेतान को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# राजेन्द्र राठौड़ ने बागला मुक्तिधाम में चारदीवारी का लोकार्पण किया



नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने स्थानीय भगवानदास बागला मुक्तिधाम में विधायक कोष से निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया।

■ राठौड़ ने दीवार बनाने वाले कारीगरों व श्रमिकों का सम्मान किया

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने रविवार को स्थानीय भगवानदास बागला मुक्तिधाम में विधायक कोष से निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार ढ़ाढ़रियेवाला ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, बसंत शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी थे। इस अवसर पर पवन कुमार ढ़ाढ़रियेवाला, आनन्द कुमार शर्मा, जगदीश सर्राफ, शंभुदयाल शर्मा, प्रभु धानुका सहित चूरू विकास संस्थान के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में दीवार बनाने वाले कारीगरों व श्रमिकों का भी नेता प्रतिपक्ष ने माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चूरू विकास संस्थान के कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम को रमणीय स्थल के रूप में विकसित किया है।

उन्होंने कहा कि विधायक कोष से निर्मित चारदीवारी उच्च गुणवत्तापूर्ण है। ऐसा कार्य देखकर मन प्रसन्न होता है। राठौड़ ने कहा कि मुक्तिधाम के लिये मुझे आप और भी योजना बनाकर दें, मैं धन की कमी नहीं आने दूंगा। कार्यक्रम में मोहनलाल, तनसुख, जमनालाल, पवन, घनश्याम, मदनलाल, प्रदीप, जयप्रकाश, सुरेश, महेन्द्र चौबे, देवकी चौधरी, प्रेमप्रकाश, नवरत्न, रामावतार, श्रवण सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

# किसान छात्रावास में वार्षिकोत्सव मनाया, भामाशाहों का किया सम्मान



नवलगढ़ में किसान छात्रावास में वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया।

■ कालूराम झाझड़िया को बनाया अध्यक्ष

**नवलगढ़, (निसं)।** किसान छात्रावास में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सात्विक जीवन शाला ट्रस्ट के चेयरमैन शीशराम रणवां, पूर्व वाणिज्यकर अधिकारी सहीराम चौधरी, डॉ. केडी यादव व गोमाराम कसेरू आदि अतिथि थे। इस मौके पर अतिथियों ने समारोह से पहले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। समारोह के दौरान दानदाताओं व भामाशाहों का सम्मान किया गया।

इस मौके समाजसेवी शीशराम रणवां ने कहा कि बहुत दिनों से समाज अलग थलग पडा है। अब तो एकजुट होने का समय आ गया है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सिर्फ पछतावा ही मिलेगा। उन्होंने समाज को आगे बढाने और संगठित होने पर बल दिया। शीशराम रणवां ने कहा आज समय बदल गया है। अपने लडकों को हाई टेक्नोलॉजी की शिक्षा दो होस्टल में डिफेंस और मेडिकल कोचिंग सेंटर खोलने की जरूरत है। पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि किसान छात्रावास में और अधिक सुविधाए लाई जा सकती है। सालों से ही किसान होस्टल का अनुशासन जोरदार रहा है। चौधरी ने समाज को इशारों में सावचेत कर दिया कि सोच समझकर कर चलोगे तो आपके पास सब कुछ होगा। उन्होंने कहा एक दूसरे की टांग खींचना बंद करें और एक दूसरे की हर तरह से मदद करना सीखे। पूर्व कमिश्नर सहीराम चौधरी ने कहा कि किसान छात्रावास में पढ़े हजारों स्टूडेंट आज विभिन बडे पदों पर आसीन है। इसकी हमें बडी खुशी है। झुंझुनूं में पानी की मेजर समस्या है। जिले में नहर बहुत आवश्यक है। इसलिए लाखों लोगों को एकत्रित होकर आंदोलन करना होगा।

इस मौके पर डॉ. जेपी कडवासरा, जिला परिषद सदस्य बीरबलसिंह गोदारा, पूर्व सरपंच इंद्रराज सिंह मील, कुरडाराम जाखड, पूर्व सहायक अभियंता मानाराम आर्य, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नेमीचंद जेजूसर, शीशराम खीचड, शिक्षाविद जरासंध जाखड, पूर्व सरपंच शीशपाल गोदारा, एक्सईएन हरिराम कालेर, पूर्व सरपंच छतीस भींचर, भागीरथ सिंह, रामसिंह दूलड, बलदेवसिंह थोरी, गोरधन सिंह निठारवाल, नौरंग सिंह दूत, लेखराम धायल, कालूराम झाझडिया, राजूलाल मील, रणधीर खीचड, मोहनलाल एचरा, प्रधानाचार्य नेकीराम पूनियां, शीशराम डूडी, डॉ. विजेंद्र झाझडिया, किशोर निठारवाल, बिजेंद्र सूंडा, मूलचंद पूनियां, शीशपाल खेदड, महेंद्र सिंह राहड, मुकेश रणवां, नेमीचंद फौजी, सुनील पूनियां, प्रकाश पिलानिया, पार्षद हितेश थोरी, पूर्व जिला रसद अधिकारी सुभाषचंद्र ख्यालिया, पूरणमल आजाद, कमलेश ख्यालिया, गोरूराम कुलहरि, सुरेंद्र ख्यालिया, गंगाधर सिंह सुंडा व किशोर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



*बीते कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान जयपुर वासियों को रविवार शाम को रिमझिम बारिश के बाद बड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने जयपुर सहित प्रदेश में कई जिलों में तेज बारिश की सम्भावना जताई है। जयपुर में बीते एक हफ्ते से बारिश बिल्कुल नदारद सी हो गई थी और तेज उमस भरी गर्मी पड़ने लगी थी। लेकिन रविवार शाम को आई बारिश से एक बार फिर जयपुर का मौसम सुहाना हो गया। खुशनुमा मौसम में सीकर रोड पर सवाई मानसिंह द्वार को बादलों ने ताज पहना दिया और सड़क पर जमे पानी में द्वार के प्रतिबिम्ब ने अद्भूत नज़ारा पेश किया।*

*-फोटो दिनेश भारद्वाज*

# कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मु.मंत्री सिद्धारमैया पर दिये बयान से खलबली

## हरिप्रसाद ने कहा कि, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि, किसी को मुख्यमंत्री कैसे बनाना है या किसी को पद से कैसे हटाना है

- **हरिप्रसाद ने एडिगा, बिलावा, नामधारी और धीवारा समुदायों की एक बैठक में मु.मंत्री सिद्धारमैया की कड़ी आलोचना की। उन्होंने उडुपी जिले के करकला में कोटि चेन्नय्या थीम पार्क को पांच करोड़ रुपये प्रदान करने का वादा करने के बाद भी कुछ नहीं करने के लिए सिद्दारमैया की आलोचना की। उन्होंने कहा, सिद्धारमैया राजनीतिक तौर पर मेरी मदद नहीं कर सकते, बल्कि मैं उनकी मदद कर सकता हूं।**
- **गौरतलब है कि, कर्नाटक में चुनाव में जीत के बाद सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री तो बना दिया गया। हालांकि, पार्टी में उस समय मुख्यमंत्री पद किसे दिया जाये इस बात को लेकर पार्टी के अंदर बड़ी खींचतान हुई थी।**

बेंगलुरु, 23 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बी.के. हरिप्रसाद के बयान से कर्नाटक में सत्तारूढ़ दल में खलबली मच गयी है।

दरअसल, हरिप्रसाद ने कहा कि, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि किसी को मुख्यमंत्री कैसे बनाना है या किसी को पद से कैसे हटना है। उन्होंने यह बयान एडिगा, बिलावा, नामधारी और धीवारा समुदायों की एक बैठक में कीं। उन्होंने कहा, मैं नहीं झुकूंगा या भीख नहीं मांगूंगा। मैं स्पष्ट कर दूं। अगर कोई अन्याय होता है, तो कोटि चेन्नया (महान तुलुवा जुड़वां नायक) ने कहा है इसका सामना कैसे किया जाए। बेंगलुरु में 49 साल तक राजनीति करना कोई बच्चों का खेल नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे पहले ही ऑल इंडिया कांग्रेस काउन्सिल (ए.आई.सी.सी.) की टीम के साथ पांच राज्यों पुडुचेरी, गोवा, झारखंड, हरियाणा और पंजाब में पांच मुख्यमंत्रियों को बनाने भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने उडुपी जिले के करकला में कोटि चेन्नय्या थीम पार्क को पांच करोड़ रुपये प्रदान करने का वादा करने के बाद भी कुछ नहीं करने के लिए सिद्दारमैया की आलोचना की। उन्होंने कहा, वह राजनीतिक तौर पर मेरी मदद नहीं कर सकते, बल्कि मैं उनकी मदद कर सकता हूं।

हरिप्रसाद ने कहा कि वित्तीय आश्वासन दिए जाने के बाद भी मंगलुरु विश्वविद्यालय में गुरुपीठ स्थापित करने के लिए एक पैसा भी नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एडिगा, बिलावा, नामधारी और दीवारास समुदायों से ज्यादा ईसाई और मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि, कर्नाटक में चुनाव में जीत के बाद सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री तो बना दिया गया। हालांकि पार्टी में उस समय मुख्यमंत्री पद किसे दिया जाये इस बात को लेकर बड़ी कशमकश हुई थी। सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री बनना अभी भी निर्विवाद नहीं है वहां डी.के. शिवकुमार खेमे के नेता आये दिन बयानबाजियां करके डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने के दावे पेश करते रहते हैं।

# यूक्रेन ने 26 हजार से ज्यादा सैनिक खो दिये हैं

- **रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि, युद्ध की शुरुआत से अब तक जवाबी कार्रवाई के दौरान यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 26,000 से अधिक लोगों को खो दिया है।**

मॉस्को, 23 जुलाई (वार्ता)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि युद्ध की शुरुआत से अब तक जवाबी कार्रवाई के दौरान यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 26,000 से अधिक लोगों को खो दिया है।

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि जवाबी हमले की शुरुआत के बाद से अमेरिका यूक्रेन के 26,000 लोगों के नुकसान का अनुमान लगा रहा है।

पुतिन ने कहा, "यह आंकड़ा पहले से भी अधिक है।" रूसी नेता ने कहा कि विदेशी सैनिकों को भी "अपनी मूर्खता के कारण" यूक्रेन में बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पुतिन ने कहा, "किसी भी स्थिति में जिन देशों की सरकारें लोगों को संघर्ष क्षेत्र में भेजती हैं, उन देशों के नागरिकों और उन देशों की आम जनता को भी पता होना चाहिए कि वहां क्या हो रहा है। और हम उन देशों की जनता को सूचित करेंगे ताकि वे अपने नेताओं के कार्यों का आकलन कर सकें।"

## हॉस्टल में तीन छात्रों की सांप के डसने से मौत

- **ओडिशा के क्योंझर जिले में यह हृदयविदारक घटना सामने आई है। तीनों छात्रों की उम्र 10 से 12 साल है। पुलिस ने बताया कि, तीनों छात्र फर्श पर बेसुध अवस्था में पाए गए थे।**

भुवनेश्वर, 23 जुलाई। ओडिशा के क्योंझर जिले में हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां एक कोचिंग सेंटर के हॉस्टल में जहरीले सांप के काटने से दो लड़कियों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। तीनों नाबालिग बताए जा रहे हैं। उनकी उम्र 10 से 12 साल है। पुलिस ने रविवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि तीनों छात्र फर्श पर बेसुध अवस्था में पाए गए थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। एक अन्य की हालत गंभीर है।

मिली जानकारी के अनुसार, कोचिंग सेंटर के छात्रावास में हुई इस सनसनीखेज घटना के सामने आने के बाद से वहां रह रहे छात्रों में दहशत का माहौल है।

## अस्पताल में ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ठहराया है। आरोपों का जवाब देते हुए अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि किसी भी मरीज की मौत ऑक्सीजन की कमी से नहीं हुई। उन्होंने मौते के पीछा कारण बीमारी बताया है।

# बारिश और बाढ़: गुजरात, मुंबई, वाराणसी और दिल्ली में आफत बनी

## दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान पर पहुँच गया है, गुजरात के सात जिलों में बाढ़, वाराणसी में गंगा नदी उफान पर

- **शनिवार को हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में यमुना नदी का स्तर एक बार फिर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है। वाराणसी में भी गंगा नदी उफान पर है यहां भी अगर गंगा नदी के जलस्तर में अगर और वृद्धी हुई तो हालात विकट हो जायेंगे।**
- **गुजरात के नवसारी और जूनागढ़ समेत कई जिलों में जल प्रलय से हुई तबाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।**

अहमदाबाद, 23 जुलाई। बारिश के कारण देश के कई राज्य दिल्ली, गुजरात और मुम्बई में स्थिति विकट बनी हुई है। शनिवार को हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में यमुना नदी का स्तर एक बार फिर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है। वाराणसी में भी गंगा नदी उफान पर है यहां भी अगर गंगा नदी के जलस्तर में अगर और वृद्धि हुई तो हालात विकट हो जायेंगे। गुजरात के नवसारी और जूनागढ़ समेत कई जिलों में जल प्रलय से हुई तबाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मुम्बई में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण वहां के जलाशय पचास प्रतिशत से ज्यादा भर चुके हैं। अगर मुम्बई में और बारिश हुई तो यहां भी स्थिति खराब हो सकती है।

अहमदाबाद सहित राज्य के दक्षिणी हिस्से और सौराष्ट्र क्षेत्र में भारी बारिश होने से बांधों एवं नदियों में जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया तथा शहरी क्षेत्रों एवं कुछ गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जूनागढ़ में तो कई कारें और मवेशी पानी की तेज धार में बह गए। वहीं आज अहमदाबाद एयरपोर्ट में भी पानी घुस गया। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के बारे में जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को गुजरात के दक्षिणी और सौराष्ट्र क्षेत्रों के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिससे शहरी क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और बांधों और नदियों में जलस्तर खतरे के स्तर तक बढ़ने के बीच गांवों का शहरों से संपर्क कट गया। शहर में शनिवार शाम चार बजे तक पिछले आठ घंटे में 219 मिलीमीटर बारिश हुई है। लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने के लिए कमर तक पानी में चलते हुए नजर आए। उनमें से कुछ को पानी की तेज धार से बचाने के लिए वॉलंटियर्स ने मदद की। नवसारी और जूनागढ़ जिले बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। बारिश के कारण कई आवासीय क्षेत्रों और बाजारों में पानी भर गया।

प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने का अनुरोध किया है और उनसे किसी अप्रिय घटना या आकस्मिक स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करने की अपील की है। लोगों को बांधों या उनके आसपास के क्षेत्रों में नहीं जाने की चेतावनी दी गई है। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बचाव टीमों को तैनात किया गया है।

दक्षिण गुजरात में नवसारी जिले में भारी बारिश हुई तथा बाढ़ के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनजीवन पटरी से उतर गया। राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि जिले के नवसारी और जलालपोर तालुका में शनिवार सुबह छह बजे से शाम 4 बजे तक क्रमश: 303 और 276 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

मूसलाधार बारिश होने से गलियों एवं निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया। इससे शहर में ट्रैफिक जाम हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के कारण नवसारी के निकट मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम लग गया।

## मिजोरम में आदिवासी मैतेई समुदाय...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

घटना को लेकर काफी आक्रोशित है। शुक्रवार को एक बयान जारी कर संगठन ने मिजोरम में रहने वाले मैतई समुदाय के लोगों को खुली धमकी दी थी।

संगठन ने मिजोरम में रहने वाले मैतई लोगों को धमकी देते हुए कहा था कि "अपनी सुरक्षा के लिए" जितना जल्दी हो सके, राज्य छोड़ दें। बयान में कहा गया है कि मणिपुर में कुकी और जोमी समुदाय की दो महिलाओं के साथ हुई वीभत्स घटना से मिजो लोगों की भावनाएं बहुत आहत हुई हैं और इसलिए अब यहां मैतई लोगों का रहना सुरक्षित नहीं है।

मिजोरम की राजधानी आइजोल में लगभग 2,000 मैतेई लोग रहते हैं, जिनमें सरकारी कर्मचारी, छात्र और श्रमिक शामिल हैं। उनमें से कई असम की बराक घाटी से हैं। शुक्रवार रात को बयान सामने आने के बाद मिजोरम के डी.आइ.जी. उत्तरी रेंज द्वारा एक आदेश जारी किया गया, जिसमें निर्देश दिया गया कि "आइजोल में मैतेई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए" हर स्थान पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाए। शनिवार दोपहर तक कुछ मैतई पहले से ही राज्य से बाहर जा चुके थे। उनमें से आइजोल में एक निजी कंपनी में काम करने वाली मैतेई समुदाय की महिला थी।

महिला ने बताया कि वह अपने चार लोगों के परिवार के साथ निजी वाहन से असम के कछार जिले में अपने घर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अब तक, उन्हें मिजोरम में खतरा महसूस नहीं हुआ है, और मिजो लोग "बहुत सौम्य, बहुत विनम्र" हैं। लेकिन अब, बहुत से मैतेई अपना सामान अपने किराए के घरों में छोड़कर भाग रहे हैं। बराक घाटी से बहुत से लोग सड़क मार्ग से जा रहे हैं और ऐसे भी बहुत से लोग हैं जो आइजोल हवाई अड्डे पर आश्रय तलाश रहे हैं। लोग काफी डरे हुए हैं।

इस बीच, मिजोरम गृह विभाग ने राज्य में रहने वाले मैतई लोगों को आश्वस्त करने की कोशिश की कि वे खतरे में नहीं हैं। द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए मिजोरम के गृह आयुक्त एच लालेंगमाविया ने कहा, मैंने आज पी.एम.आर.ए. से बात की और उन्होंने कहा कि उनके संदेश की गलत व्याख्या की गई है। उन्होंने कहा कि यह कोई धमकी नहीं बल्कि मैतेई लोगों की सुरक्षा के लिए चिंता की अभिव्यक्ति है, जो सद्भावना से जारी की गई है। इसके प्रभाव को देखते हुए हमने संकल्प लिया कि वे अपना बयान वापस ले लेंगे।

गृह विभाग ने भी शाम को एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि गृह आयुक्त ने ऑल मिजोरम मणिपुरी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने उनसे यह भी कहा कि "अफवाहों से गुमराह न हों और उन्हें अपने साथी मैतई लोगों को प्रेस वक्तव्य की दुर्भाग्यपूर्ण गलत व्याख्या के कारण राज्य न छोड़ने के लिए सूचित करने के लिए भी राजी किया"।

उधर, मणिपुर सरकार भी मिजोरम में मैतई समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

## ट्विटर का...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में था। वर्ष 2006 में मस्क द्वारा स्थापित एक्स कॉर्प के साथ विलय के परिणामस्वरूप ट्विटर कॉरपोरेशन का एक अलग कंपनी के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने जून की शुरुआत में संकेत दिया था कि वह प्लेटफ़ॉर्म की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए ट्विटर को रीब्रांड करने पर विचार कर रहे हैं।

मस्क ने अपनी ज्यादातर कंपनियों के नाम और लोगो में एक्स को शामिल किया है। हाल ही में लॉन्च की गई आर्टिफिशियल कंपनी को भी एक्स ए.आई. नाम दिया गया है। उनकी की स्पेस 'एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कार्पोरेशन' कंपनी का नाम एक्पेस एक्स भी एक्स से मिलकर बना है। अब वह ट्विटर की चिड़िया लोगो को भी 'एक्स' से बदलने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा,लोगो ऐसा ही होगा लेकिन उसमें एक्स होगा।

## भाजपा को लग सकता है झटका...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

है कि जातिगत जनगणना से विपक्ष को ज्यादा फायदा हो सकता है। क्योंकि इसका फायदा पिछड़ी जातियों को मिल सकता है।

अगर 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए जाते हैं और फिर दोबारा जातिगत जनगणना होती है तो भी भाजपा मुश्किल में फंस सकती है। दरअसल 2011 से अब तक ज्यादातर भाजपा का ही शासन रहा है। ऐसे में किसी जाति या वर्ग की संख्या कम होने पर भी भाजपा पर सवाल उठाया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष आम आदमी को जातिगत जनगणना की जरूरत और महत्व के बारे में समझा पाता है कि नहीं। अगर यह मांग केवल अपर क्लास तक सीमित रही तो विपक्ष को ज्यादा फायदा नहीं होगा।

ब्रिटिश शासनकाल में कई बार जनगणना करवाई गई और इसमें जाति की जानकारी भी दर्ज की जाती थी। हालांकि आजादी के बाद से इसमें केवल अनुसूचित जाति और जनजाति को ही जोड़ा गया। सरकार का कहना है कि 2010 में जो जातिगत जानकारी इकट्ठा की गई उसमें कई तरह की खामियां थीं इसलिए उसे सार्वजनिक नहीं किया गया। हालांकि इस बार की मांग 2024 में कितना बड़ा हथियार बनेगी, यह आने वाला वक्त ही बता सकता है।

2010-11 की जनगणना में जातिगत जनगणना करवाई गई थी लेकिन आंकड़े आज तक नहीं जारी किए गए। कर्नाटक में भी साल 2015 में जातिगत जनगणना करवाई गई पर आंकड़े नहीं जारी किए गए। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने जातिगत सर्वे कराना शुरू किया था लेकिन अब यह मामला अदालत में है। खास बात यहा है कि जब नीतीश ने यह फैसला किया तब भाजपा उसकी सहयोगी थी। हालांकि अब भाजपा से अलग होकर नीतीश ने आर.जे.डी. के साथ सरकार बना ली है।

जातिगत जनगणना को लेकर एक डर भी है। दरअसल अगर इस तरह जनगणना होती है तो आरक्षण का संकट गहरा जाएगा। इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण की मांग की जाएगी। देश में आरक्षण के लिए लंबे समय से आंदोलन होते रहे हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आरक्षण को लेकर कई आंदोलन खड़े हो जाएं। वहीं जानकारों का कहना है कि जातिगत जनगणना से विपक्ष को ज्यादा फायदा हो सकता है। क्योंकि इसका फायदा पिछड़ी जातियों को मिल सकता है।

अगर 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए जाते हैं और फिर दोबारा जातिगत जनगणना होती है तो भी भाजपा मुश्किल में फंस सकती है। दरअसल 2011 से अब तक ज्यादातर भाजपा का ही शासन रहा है। ऐसे में किसी जाति या वर्ग की संख्या कम होने पर भी भाजपा पर सवाल उठाया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष आम आदमी को जातिगत जनगणना की जरूरत और महत्व के बारे में समझा पाता है कि नहीं।

## आंध्र प्रदेश में ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ऊंची प्रभु राम की प्रतिमा युगों-युगों तक समग्र दुनिया को हमारे सनातन धर्म का संदेश देगी और वैष्णव परंपरा को देश और दुनिया में मजबूत करेगी। 108 हमारी हिन्दू संस्कृति में बहुत ही पवित्र संख्या है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित मंत्रालयम गाँव में 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ यह प्रोजेक्ट ढाई साल में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालयम गाँव राघवेन्द्र स्वामी के मंदिर के लिए बहुत प्रसिद्ध स्थान है। साथ ही, इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व भी है, इसी तुंगभद्रा के किनारे महान विजय नगर साम्राज्य का उद्भव हुआ था जिसने आक्रान्ताओं को खदेड़ कर स्वदेश और स्वधर्म को पुनर्स्थापित किया। उन्होंने कहा कि मंत्रालयम साहित्य प्रकल्प के तहत आवास, अन्न दानम, प्राण दानम, विद्या दानम, पेयजल और गौ संरक्षण के कई सारे विषयों को आगे बढ़ाया गया है।

शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में कई वर्षों से लंबित राम मंदिर का शिलान्यास कर उसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। अब जल्द ही राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की स्थापना होगी और सैकड़ों वर्षों के बाद एक बार फिर प्रभु राम अपने निज गृह में विराजमान होंगे।

# ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे करने वाराणसी पहुंची ए.एस.आई. की टीम, आज से काम शुरू

## वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर आर्कियॉलजिल सर्वे ऑफ इंडिया (ए.एस.आई.) विभाग सोमवार से वुजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद के सम्पूर्ण परिसर का सर्वे शुरू करने जा रहा है

वाराणसी, 23 जुलाई। वाराणसी जिला अदालत डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश पर आर्कियॉलजिल सर्वे ऑफ इंडिया विभाग सोमवार से वुजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी के सम्पूर्ण परिसर का सर्वे शुरू करने जा रहा है। एएसआई के लखनऊ, पटना, नई दिल्ली सहित कई राज्यों की टीम रविवार रात ही वाराणसी पहुंच गई। सर्वेक्षण अधिकारियों ने देर रात मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम व पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन के साथ बैठक कर रूपरेखा तय की।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि, करीब 20 सदस्यीय टीम वाराणसी पहुंच गई है। सुबह 7 बजे से सर्वे शुरु होगा। पहले चरण में ज्ञानवापी के राजस्व रिकॉर्डों के आधार पर सेटेलमेंट प्लाट संख्या 9130 का मौका मुआयना किया जाएगा। परिसर के चारों ओर रेकी व नापजोख होगी। मिट्टी के सैम्पल लिये जाएंगे। एएसआई के दिल्ली प्रभारी के नेतृत्व में टीम सर्वे करेगी। इससे पूर्व सुरक्षा के सभी बिंदुओं पर जांच के बाद जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

सर्वे को लेकर विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के रुटीन दर्शन-पूजन में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। उधर सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्र सुनवाई संभावित है। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दर्शन-पूजन करने जाएंगे। इसके साथ ही धाम परिसर में कथावाचक मोरारी बापू का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है।

वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के आदेश पर वाराणसी की जिला जज की अदालत ने वुजू स्थल को छोड़कर ज्ञानवापी के अन्य परिसर का एएसआई सर्वे कराने की मांग मंजूर कर ली थी। ऐसे में शिवलिंग वाले क्षेत्र यानी वुजुखाने के अलावा अन्य क्षेत्र का सर्वे कराने का आदेश दिया था। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने इस मामले पर 14 जुलाई को सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने एएसआई के निदेशक को सर्वेक्षण के लिए आदेशित करते हुए 4 अगस्त तक रिपोर्ट मांगी है। 21 जुलाई को दिए आदेश में अदालत ने कहा था कि बिना कोई क्षित पहुंचाए वे वैज्ञानिक तरीके से सर्वेक्षण कराएं। अदालत ने हिन्दू पक्ष की दलीलों को मान लिया है। मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अदालत के फैसले को हिन्दू पक्ष अपनी बड़ी जीत बता रहा है। अदालत का फैसला आते ही हिन्दू पक्ष की तरफ से खुशी का भी इजहार किया गया।

श्रृंगार गौरी के पूजा का अधिकारी मांग रही चार महिलाओं लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास व रेखा पाठक ने 16 मई को जिला जज की अदालत में अर्जी देकर गुहार लगाई थी कि वुजूखाना को छोड़ शेष सभी हिस्सों का वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराया जाए। उनकी तरफ से अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने इस दौरान पिछले साल वुजू खाने में हुए कोर्ट कमीशन की रिपोर्ट पेश करते हुए कहा था कि उस दौरान शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। आकृति की एएसआई जांच का मामला सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। वुजूखाने को सील किया गया है। ऐसे में उसके आसपास के क्षेत्र का एएसआई सर्वे किया जा सकता है। विष्णु जैन ने अदालत से कहा कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वे हो तो एक और शिवलिंग मिल सकता है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ज्ञानवापी परिसर के पश्चिमी दीवार के पास खंडहरनुमा अवशेष, तीन गुम्बदों और व्यास जी के तहखाने की जांच भारतीय पुरातत्विक सर्वेक्षण, जीपीआर, वैज्ञानिक व डेटिंग पद्धित से कराई जाए। विष्णु जैन ने सर्वे व हिंदू मंदिर के समर्थन में कई सुबूत व तथ्य भी अदालत में रखे थे। अदालत ने 22 मई, 12 व 14 जुलाई को भी सुनवाई की थी। वहीं, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि पहले श्रृंगार गौरी के पूजा का अधिकार मांगा गया और अब ज्ञानवापी के सर्वे की मांग केवल केस को उलझाने के लिए की जा रही है।

## अजीत डोभाल ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कारण ही भारतीय सेना ने चुनौती का मुकाबला करने के लिए इस क्षेत्र में काफी सैन्य ताकत झोंक रखी है।

एन.एस.ए. डोभाल अपने करीबी दोस्त रूस, यू.ए.ई. और सऊदी अरब के एन.एस.ए. से मुलाकात करेंगे और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर यूक्रेन युद्ध के प्रभाव के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दाहिने हाथ पेत्रुशेव को पूर्वी लद्दाख के साथ-साथ इंडो-पैसिफिक की स्थिति के बारे में भी चर्चा करेंगे। ब्रिक्स एन.एस.ए. बैठक में अफगानिस्तान में राजनीतिक रूप से अस्थिर स्थिति और अफगान-पाक क्षेत्र से उत्पन्न आतंकवाद और उसके प्रभाव पर भी प्रमुखता से चर्चा किए जाने की संभावना है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600